दैनिक
सीहोर जिले का प्रथम दैनिक
RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा    वर्ष-23 अंक-72    सीहोर, रविवार 03 मई 2026    पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये    सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


### बापू की बातें



समारोह चाहे बुद्ध के संबंध में हो, चाहे महावीर के या चाहे वे ईसामसीह के संबंध में हों, इनमें मुझे इसलिए बुलाया जाता है कि मैं उनके उन श्रेष्ठतम उपदेशों के अनुसार चलने का यथाशक्ति प्रयत्न करता हूँ जिन्हें मैं अपने सीमित ज्ञान के बल पर समझने में समर्थ होता हूँ। बौद्ध आचार्यों और हिंदू दार्शनिकों की तरह मैं बौद्धधर्म और हिंदूधर्म की मूलभूत शिक्षाओं, उपदेशों के बीच कोई भेद नहीं करता।

( 07.05.1925 : बुद्ध जयंती के अवसर पर कलकत्ता में दिए भाषण का अंश : सं.गां.वां. खंड 27 : पृष्ठ 61 )

## प्रदेश में बदला मौसम, आंधी-बारिश से कई जिलों में तबाही, फसलें भीगी

भोपाल,(ए.)। भीषण गर्मी से जूझ रहे मध्य प्रदेश में शनिवार को मौसम ने अचानक करवट ली। कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और कहीं-कहीं ओलावृष्टि ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। राजधानी भोपाल में जहां बारिश से लोगों को राहत मिली, वहीं रायसेन, सीहोर, बालाघाट, नर्मदापुरम और अन्य जिलों में तेज हवाओं और बारिश ने नुकसान भी पहुंचाया।राजधानी भोपाल में दोपहर बाद बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई। रातीबड़ क्षेत्र के बेरखेड़ी में एक विशाल बरगद का पेड़ मकान पर गिर गया। हादसे में घर को नुकसान पहुंचा, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं रायसेन जिले के छुछार गांव में तेज आंधी के चलते हरशिव वेयरहाउस की टीन की छत उड़ गई। करीब 5000 मीट्रिक टन क्षमता वाले इस वेयरहाउस में सरकारी मूंग रखी हुई है। बरेली और बाड़ी क्षेत्रों में अचानक बारिश से खरीदी केंद्रों पर रखा किसानों का अनाज भीग गया, जिससे सरकारी खरीदी प्रभावित हुई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।बालाघाट में शनिवार दोपहर बाद तेज हवाओं और बारिश के बीच नगर पालिका परिसर में एक बड़ा पेड़ गिर गया, जिसके नीचे खड़ी बाइक दब गई। हालांकि किसी जनहानि की सूचना नहीं है।



नर्मदापुरम में तेज आंधी-बारिश से अनाज मंडी में रखा गेहूं और चना भीग गया। टीन शेड में पानी भर गया। इधर, मीनाक्षी चौक के पास पेड़ गिरने से यातायात बाधित हुआ, जबकि एक स्थान पर टीन शेड भी उड़ गया।नरसिंहपुर के ढिगसरा गांव में सैकड़ों साल पुराना आम का पेड़ आंधी में गिर गया। वहीं जिला अस्पताल में बिजली आपूर्ति बाधित होने से करीब आधे घंटे तक अंधेरा छाया रहा, मरीजों और परिजनों को मोबाइल की रोशनी का सहारा लेना पड़ा।

### सीहोर में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में रखी फसल भीगी

सीहोर के इछावर, बोरदी, झालकी और भाऊखेड़ी में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। बोरदी में विनायक वेयरहाउस के पास करीब 2 किलोमीटर लंबी कतार में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में रखी फसल भीग गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ।

इटारसी: पेड़ और बिजली लाइनें टूटीं, 5000 लीटर पानी की टंकी सड़क पर गिरी श्योपुर, ब्यावरा, पिपरिया: आंधी-बारिश से तापमान में गिरावट अचानक बदले मौसम से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों के लिए यह बारिश मुसीबत बन गई। खरीदी केंद्रों पर अनाज भीगने से आर्थिक नुकसान की आशंका है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक आंधी-बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई है, ऐसे में प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

## छत्तीसगढ़ के कांकेर में आईईडी निष्क्रिय करते समय विस्फोट से चार जवान शहीद

कांकेर, (ए.)। छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर जिले की सरहद पर



छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आदनार गांव के पास के जंगल में शनिवार को डी-माइनिंग और एरिया डॉमिनेशन ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट हो गया। इसमें सुरक्षा बल के चार चार जवान बलिदान हो गए । बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि की है।इस अभियान के दौरान दुर्घटनावश आईईडी विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आने से कांकेर डीआरजी के 4 जवान घायल हो गए। इनमें इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कॉन्स्टेबल कृष्णा कोमरा, कॉन्स्टेबल संजय गढपाले अत्यधिक ज़ख्मी होने से वे घटना स्थल पर ही बलिदान हो गए । जबकि गंभीर रूप से घायल बस्तर फाइटर का जवान परमानंद कोर्राम को बेहतर उपचार हेतु रायपुर ले जाया गया था, जहां उपचार के दौरान उनका भी निधन हो गया है।इस संबंध में बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टिलिंगम ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में आत्मसमर्पित माओवादी कैडरों द्वारा दी गई जानकारी और अन्य इनपुट के आधार पर, माओवादियों द्वारा पूर्व में छिपाकर रखे गए सैकड़ों आईईडी बस्तर रेंज में पुलिस एवं सुरक्षाबलों द्वारा बरामद कर निष्क्रिय किए जा रहे हैं।

## मध्य प्रदेश के बरगी क्रूज हादसे में दो और शव बरामद, मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हुई



जबलपुर,(ए)। मध्य प्रदेश के बरगी बांध में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे को लेकर राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। इसी बीच रेस्क्यू टीम को शनिवार को दिनभर चले सघन सर्च ऑपरेशन के बाद दो बच्चों के और शव मिले हैं। हालांकि अभी भी दो लोग लापता है।दरअसल, जबलपुर स्थित बरगी डैम में क्रूज हादसे के बाद लापता चार लोगों की तलाश की जा रही है। एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के साथ सेना जवान भी सर्चिंग में जुटे हैं। शनिवार शाम तक सर्चिंग के दौरान एक सफलता हाथ लगी, जिसमें दो बच्चों के शव मिले हैं। मृतक की पहचान 5 वर्षीय विराज सोनी के रूप में हुई है, जो कृष्ण सोनी का पुत्र और कोतवाली क्षेत्र का निवासी था। वहीं, दूसरे शव की पहचान श्रीतमिल (5) पुत्र कामराज निवासी वेस्टलैंड खमरिया के रूप में हुई है। इस दुखद बरामदगी के बाद हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। हादसे के बाद से अब भी दो लोग लापता हैं, जिनकी तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है।गोताखोरों और बचाव दल की टीमें मौके पर मुस्तैदी से तैनात हैं और हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे घटनास्थल के आसपास भीड़ न लगाएं, ताकि बचाव कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। लापता लोगों की खोज के लिए रात में भी सर्चलाइट की मदद से अभियान चलाया जा रहा है, जिससे जल्द से जल्द सभी का पता लगाया जा सके।गौरतलब है कि जबलपुर में नर्मदा नदी पर बने बरगी डैम में गुरुवार शाम करीब 5 बजे पर्यटन विभाग का एक क्रूज अचानक आई तेज आंधी के चलते डूब गया था। हादसे के वक्त क्रूज में 45 से अधिक पर्यटक मौजूद थे। शुक्रवार शाम तक चले राहत एवं बचाव अभियान के दौरान नौ लोगों के शव बरामद कर लिये थे, जबकि 29 लोगों को बचा लिया गया था।

### अब कोई चारा नहीं बचा, कहकर एअर इंडिया ने फ्लाइट ऑपरेशन कम करने की तैयारी में

**जेट फ्यूल के दाम तेजी से बढ़ने से उठाया यह कदम**

नई दिल्ली (ए.)। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के कारण जेट फ्यूल के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं, इसकारण कई एयलाइंस कंपनियों को मुनाफे में कटौती का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, एअर इंडिया अपने फ्लाइट ऑपरेशन को कम करने की तैयारी कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एअर इंडिया जून और जुलाई के दौरान शेड्यूल इंटरनेशनल फ्लाइट्स ऑपरेशन को कम करने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक, एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन का कहना है कि एअर इंडिया के लिए कई फ्लाइट्स घाटे का सौदा बनी है, इसकारण जून और जुलाई के शेड्यूल फ्लाइट में कटौती करने के अलावा कोई चारा बचा नहीं है। जेट फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में उछाल के कारण ऑपरेशन पर असर पड़ रहा है।

## बंगाल की फालता सीट पर वोटिंग EC ने रद्द की

**21 मई को दोबारा मतदान, 24 को रिजल्ट; हिंसा-गड़बड़ियों की शिकायत पर फैसला**



कोलकाता (ए.)। फालता में 29 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। भाजपा ने यहां के एक बूथ पर EVM में BJP के बटन पर टेप लगाकर ब्लॉक करने का आरोप लगाया था। – फालता में 29 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। भाजपा ने यहां के एक बूथ पर EVM में BJP के बटन पर टेप लगाकर ब्लॉक करने का आरोप लगाया था।चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की फालता सीट पर वोटिंग रद्द कर दी है। यहां पर 29 अप्रैल को दूसरे फेज की वोटिंग के दौरान EVM में गड़बड़ी और हिंसा की खबरें आईं थीं। EC ने सभी 285 पोलिंग बूथ पर 21 मई को फिर से वोटिंग कराने का निर्देश दिया है। रिजल्ट 24 मई को आएगा। इसी विधानसभा के एक बूथ पर EVM में भाजपा की बटन के आगे टेप लगा मिला था।इससे पहले शनिवार को पश्चिम बंगाल में मगराहाट पश्चिम के 11 बूथों और डायमंड हार्बर के 4 बूथों में दोबारा मतदान हुआ। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक दोनों विधानसभा क्षेत्र के कुल 15 बूथों पर करीब 90% वोटिंग हुई। साउथ 24 परगना में TMC और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। फालता में वोटर्स ने TMC कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया। बताया कि वोटिंग के बाद TMC के लोगों ने उनके साथ मारपीट की। जब वे इसका विरोध कर रहे थे तो पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया। कई लोगों को पैर में, सिर में और हाथ में चोट आई है। वहीं TMC ने आरोप लगाया कि मगराहाट के बूथ नंबर 127 पर सुरक्षाबलों ने हमारे कैंप में तोड़फोड़ की और कार्यकर्ताओं से मारपीट की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए काउंटिंग एजेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि TMC 200 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करेगी।

## पुणे में 4 साल की बच्ची की यौन उत्पीड़न के बाद हत्या, विरोध-प्रदर्शन, हिरासत में बुजुर्ग



पुणे (आरएनएस)। महाराष्ट्र के पुणे जिले के भोर तालुका से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जिसने इंसानियत को कलंकित कर दिया है. इस घटना ने पूरे समाज की अंतरात्मा को हिला दिया है. नसरपुर में 4 साल की बच्ची के साथ बेरहमी से रेप और मर्डर के बाद लोगों में भारी गुस्सा है.इस घटना के बाद गुस्साए गांववालों ने पुणे-सतारा हाईवे पर रास्ता रोक कर विरोध प्रदर्शन किया और जोरदार तरीके से मांग की कि आरोपियों को तुरंत उनकी कस्टडी में सौंपा जाए. आज नरसापुर गांव के लोगों ने छोटी बच्ची को इंसाफ दिलाने के लिए पूरा बंद रखा.पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यह अमानवीय काम नसरापुर गांव में एक पशु बाड़े के अंदर हुआ. एक दरिंदे ने मासूम बच्ची को अकेला पाकर उसका यौन उत्पीड़न किया और बाद में सबूत मिटाने के खास इरादे से उसकी हत्या कर दी।

### टीएमसी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- केंद्रीय कर्मचारियों की तैनाती नियमों के खिलाफ नहीं

नईदिल्ली, (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में मतगणना के दौरान केंद्रीय कर्मचारियों की तैनाती का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। कोर्ट ने कहा कि काउंटिंग टेबल पर केंद्रीय कर्मचारियों की तैनाती नियमों के खिलाफ नहीं है। कोर्ट ने कहा, अगर मतगणना पर्यवेक्षकों और सहायकों को पूरी तरह से केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों से भी लिया जाता है, तो इसे गलत नहीं कहा जा सकता। कानून चुनाव आयोग के ढांचे के तहत राज्य या केंद्र के अधिकारियों में से चयन की अनुमति देता है। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई बिना कोई आदेश पारित किए खत्म कर दी। कोर्ट ने केवल चुनाव आयोग की इस बात को दर्ज किया कि मतगणना कर्मचारियों की नियुक्ति संबंधी परिपत्र का अक्षरशः पालन किया जाएगा।

## खुली जगह में नमाज की इजाजत नहीं.., इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

प्रयागराज (आरएनएस)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सार्वजनिक स्थलों पर धार्मिक गतिविधियों, विशेषकर नमाज़ पढ़ने को लेकर अहम टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का एकाधिकार स्वीकार्य नहीं है। अदालत ने कहा कि सार्वजनिक स्थल सभी नागरिकों के लिए होते हैं और उनका उपयोग कानून के दायरे में रहकर ही किया जा सकता है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि संविधान द्वारा दी गई धार्मिक स्वतंत्रता असीमित नहीं है। इसके साथ दूसरों के अधिकारों और सार्वजनिक व्यवस्था के प्रति जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। अदालत ने स्पष्ट किया कि नियमित धार्मिक आयोजनों के लिए सार्वजनिक स्थानों के उपयोग का दावा नहीं किया जा सकता। यह टिप्पणी संभल जिले के गुन्नौर तहसील स्थित इकोना गांव की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए की गई। याचिकाकर्ता ने अपनी कथित निजी जमीन पर नमाज़



अदा करने की अनुमति और सुरक्षा की मांग की थी। हालांकि, अदालत ने पाया कि संबंधित भूमि राजस्व अभिलेखों में सार्वजनिक उपयोग की जमीन के रूप में दर्ज है और याचिकाकर्ता का उस पर वैध स्वामित्व सिद्ध नहीं होता। अदालत ने कहा कि राज्य का कर्तव्य है कि वह सार्वजनिक स्थलों पर सभी नागरिकों की बराबर पहुंच सुनिश्चित करे और कानून-व्यवस्था बनाए रखे।





### होर्मुज पार कर रहा एक और भारत का सुपर टैंकर! 45000 टन भरा है एलपीजी

**भारत के कम से कम 14 जहाज फारस की खाड़ी में हैं लंगर डाले खड़े**

नई दिल्ली,(ए.)। ईरान युद्ध और होर्मुज बंद होने की वजह से देश में एलपीजी गैस की किल्लत हो रही है। बीते दिनों सरकार ने 5 किलो के छोटे गैस सिलेंडर की कीमत में 261 रुपए बढ़ा दिए हैं। वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडर पर एक हजार रुपए की बढ़ोतरी की है। लोगों को आशंका यह है कि जल्द ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी इजाफा हो सकता है। इसी बीच राहत की खबर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत का एक सुपरटैंकर कम से कम 45000 टन एलपीजी गैस के साथ होर्मुज पार कर रहा है। इसके भारत पहुंचने से बड़ी राहत की मिल सकती है।

हालांकि यह साफ नहीं हो सका है कि सुपरटैंकर होर्मुज को पार कर गया है या नहीं। जानकारी के मुताबिक यह टैंकर समुद्री रास्ते से उत्तर की ओर बढ़ा है। शनिवार को यह लारक और केसम आइलैंड के पास था। शिप ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक ओमान की खाड़ी से होकर यह सुपरटैंकर भारत पहुंच सकता है। बता दें अमेरिका की नाकेबंदी और ईरान के होर्मुज को बंद रखने की वजह से इस रास्ते से टैंकर निकल नहीं पा रहे हैं। 13 अप्रैल से ही अमेरिका की नाकेबंदी जारी है।रिपोर्ट्स के मुताबिक नाकेबंदी की वजह से भारत के कम से कम 14 जहाज फारस की खाड़ी में खड़े हुए हैं। दो जहाजों ने होर्मुज से निकलने का प्रयास किया था लेकिन उन्हें ईरान की चेतावनी के बाद वापस लौटना पड़ा। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया था कि समुद्र में वैकल्पिक रास्ते से भी टैंकर निकल रहे हैं। ईरान से कनेक्शन वाले कम से कम 34 टैंकर अमेरिकी नाकेबंदी को चकमा देकर निकल चुके हैं।

## इन्वेस्ट इंडिया के आंकड़ों में मध्यप्रदेश रोजगार सृजन में देश का अग्रणी राज्य

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों को मिला सुखद परिणाम**

भोपाल (निप्र.)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) की राष्ट्रीय निवेश प्रोत्साहन एवं सुविधा एजेंसी इन्वेस्ट इंडिया द्वारा जारी ताजा निवेश आंकड़ों में मध्यप्रदेश रोजगार सृजन के मामले में देश में अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है। यह जानकारी भारत सरकार द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी में सामने आई है, जो देश में निवेश के बढ़ते दायरे और राज्यों की भूमिका को रेखांकित करती है।राष्ट्रीय रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से घोषित किया गया है कि रोजगार सृजन में मध्यप्रदेश समूचे देश में आंध्र प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और महाराष्ट्र को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान पर रहा है। यह उपलब्धि राज्य में विकसित हो रहे निवेश अनुकूल वातावरण, अधोसंरचना विस्तार और उद्योगोन्मुख नीतियों का परिणाम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्ष-2025 को म.प्र. में रोजगार और उद्योग वर्ष घोषित किया गया। मध्यप्रदेश में निवेश संवर्धन को प्राथमिकता दी गई है। देश और विदेश में आयोजित इन्वेस्टर मीट, रोड-शो और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से निवेशकों से सीधा जुड़ाव स्थापित किया गया है। साथ ही रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की श्रृंखला के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार सुनिश्चित किया गया है। इन्वेस्ट इंडिया के ये आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सकल प्रयासों से मध्यप्रदेश न केवल निवेश आकर्षित करने में सक्षम है, बल्कि उसे प्रभावी रूप से रोजगार सृजन में भी परिवर्तित कर रहा है। राज्य अब देश के उभरते औद्योगिक और रोजगार केंद्र के रूप में अपनी पहचान सुदृढ़ कर रहा है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विशेष फोकस निवेश को रोजगार में परिवर्तित करने पर रहा है। इसी क्रम में कौशल उन्नयन पर विशेष ध्यान देते हुए उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रशिक्षण को सुदृढ़ किया जा रहा है। विद्यार्थियों के प्लेसमेंट पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ने में मदद मिल रही है।



### स्कूल टीचर ने 2 पीरियड तक धूप में खड़ा रखा, छात्र ने दी जान, गांव वालों में गुस्सा

गुरदासपुर (पंजाब),(आरएनएस)। गुरदासपुर जिले से हैरान करने वाली घटना सामने आई है. यहां एक प्राइवेट स्कूल के 15 साल के छात्र ने कथित तौर पर सुसाइड कर लिया. जानकारी के मुताबिक, स्कूल के टीचर ने उसे छोटी सी गलती के लिए कड़ी सजा दी और 2 पीरियड तक धूप में खड़ा रखा, जिससे दुखी होकर नाबालिग छात्र ने सुसाइड कर लिया. मौके पर मौजूद साथी छात्रों ने स्कूल प्रबंध की ज्यादती के बारे में बताया.यह घटना ब्लॉक काहनूवान के गांव झंडा लुबाना की है. 15 वर्षीय छात्र पास के शहर दसूहा के एक मशहूर स्कूल में पढ़ता था. 27 अप्रैल को स्कूल के टीचर्स ने छोटी सी गलती के लिए उसे कड़ी सजा दी और 2 पीरियड तक धूप में खड़ा रखा. इससे परेशान होकर किशोर ने कोई जहरीली पदार्थ खा लिया, जिसके बाद उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया और शुक्रवार 1 मई को उसकी मौत हो गई.मृतक छात्र के एक साथी ने बताया कि घटना वाले दिन वह मेरे पास आया और एक दोस्त से मिलने की बात कही. हम दोनों दोस्त से मिलने जा रहे थे, तभी मैडम ने उसे देख लिया और 2 पीरियड धूप में खड़ा कर दिया. जिसके बाद उसने यह कदम उठाया.वहीं, एक अन्य स्टूडेंट ने कहा कि स्कूल के टीचर अक्सर हमें मारते-पीटते हैं. कभी पगड़ी के रंग को लेकर सजा देते हैं तो कभी छोटी-छोटी बातों पर धमकाते हैं।

# 6.91 लाख किसानों से 34.73 लाख मीट्रिक टन गेहूँ का हुआ उपार्जन : खाद्य मंत्री श्री राजपूत



भोपाल, (निप्र)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 6 लाख 91 हजार किसानों से 34 लाख 73 हजार मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। अभी तक 14 लाख 64 हजार किसानों द्वारा गेहूँ उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कराए गए हैं। किसानों के हित में गेहूँ उपार्जन की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई 2026 तक की गई। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई तथा तौल कांटों की संख्या में वृद्धि का अधिकार जिलों को दिए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही एनआईसी सर्वर की क्षमता एवं संख्या में वृद्धि कराई गई। खाद्य विभाग द्वारा प्रति घंटा स्लॉट बुकिंग एवं उपार्जन की मॉनीटरिंग की जा रही है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि किसानों को 5462.42 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने के लिए छायादार स्थान, जन सुविधाए आदि की व्यवस्थाएँ की गई हैं। किसानों के उपज की तौल समय पर हो सके, इस हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं। इसमें बारदाने, तौल कांटे, हम्माल तुलावटी, सिलाई मशीन, कम्प्यूटर, नेट कनेक्शन, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण, उपज की साफ सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि की व्यवस्था की गई है। उपार्जन केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाओं के फोटो ग्राफ्स भारत सरकार के PCSAP पोर्टल पर अपलोड करने की कार्यवाही की जा रही है। किसानों से 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है। उपार्जित गेहूँ की भर्ती जूट बारदाने के साथ साथ PP/HDP बेग एवं जूट के एक भर्ती बारदाने का उपयोग किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये भण्डारण की पर्याप्त व्यवस्था की गई, जिससे उपार्जित गेहूँ का सुरक्षित भण्डारण किया जा सके।

# भोपाल में दो क़ानून नहीं चलेंगे-अलोक शर्मा



भोपाल(ए)। सांसद आलोक शर्मा भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार से मुलाकात करने कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने पुराने शहर में देर रात तक दुकानों के खुलने, सड़कों पर खड़े वाहनों सहित अन्य विषयों को लेकर चर्चा की। मुलाकात के बाद भोपाल सांसद ने कहा कि, भोपाल में दो कानून चल रहे हैं, एक तरफ जहां रात 11 बजे दुकानें बंद करवा दी जाती हैं, वही दूसरी तरफ देर रात तक दुकाने खुली रहती हैं। उन्होनें कहा की इस अलग-अलग व्यवस्था को लेकर भोपाल के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियो को एक नया कानून जारी कर देना चाहिए।

## - भोपाल में किसी कीमत पर दो कानून नहीं चलेंगे

एक तरफ जहां नये शहर के साथ ही पुराने शहर के कई इलाको में रात 10 बजे सारी दुकानें बंद हो जाती हैं। वहीं पुराने शहर में देर रात तक दुकाने खुली रहती हैं, जिससे असामाजिक तत्व सक्रिय रहते हैं, और आए दिन चाकू बाजी जैसी घटनाएं भी होती रहती हैं। पुराने भोपाल के काजी कैम्प, इतवारा, बुधवारा, चौक बाजार, रॉयल मार्केट की दुकानें रात में खुलने का क्या मतलब है। यह दुकान कोई पाकिस्तान में नहीं है, बल्कि यहीं पर है, तो कानून के हिसाब से ही दुकान खुलने का समय और बंद होने का समय तय होना चाहिए। यह कहना है भोपाल सांसद आलोक शर्मा का। उन्होंने भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार से इसी मुद्दे को लेकर मुलाकात की। सांसद ने साफ कहा कि, कोई भी दुकान रात 11 बजे के बाद नहीं खुली रहेगी, पब और बार भी देर रात तक खुले रहते हैं, एक तरफ पब जल्दी बंद हो जाते हैं वहीं दूसरी ओर देर रात तक पब खुले रहते हैं। सभी के लिए एक जैसा कानून बनना चाहिए, मैं भोपालवासियों से अपील करता हूं कि, भगवान ने रात हमें सोने के लिए दी है। कुछ मुस्लिम परिवार भी इसको बंद करने को लेकर अपनी सहमति दे चुके हैं। मैं एक बार फिर कहता हुं की भोपाल शहर में दो कानून नहीं चलने देंगे। एक ही कानून का पालन सभी को करना होगा।

## - भोपाल पुलिस कमिश्नर- कलेक्टर की जमकर की प्रशंसा

भोपाल ट्रैफिक को लेकर उन्होंने कहा कि, भोपाल कलेक्टर और भोपाल पुलिस कमिश्नर इसको लेकर अच्छा काम कर रहे हैं। हम लगातार फंड लाने का भी काम कर रहे हैं। नगर निगम से इसको लेकर 10 करोड़ रुपए का फंड आया है। 5 करोड़ रुपए तत्कालीन कलेक्टर ने दिए हैं, चौराहों को ठीक करने, लेफ्ट टर्न को ठीक करने का काम हमारा जिला प्रशासन कर रहा है। जल्दी ही चौराहों से रोटरी को हटाने का काम किया जाएगा।

# हर जरुरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना सरकार का मकसद : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जनसुनवाई में किया समस्याओं का निराकरण

भोपाल (ए.)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार को अपने 38, ग्वालियर रेसकोर्स रोड स्थित सरकारी कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान समस्याओं का त्वरित निराकरण किया। उन्होंने कहा कि हर जरुरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना प्रदेश सरकार का संकल्प है। इसकी पूर्ति के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए समस्याओं का समाधान निर्धारित समय सीमा में करने की बात कही। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जन सुनवाई में आई जरुरतमंद महिलाओं को तत्काल राशन दिलाने के साथ ही वृद्धजनों की वृद्धावस्था पेंशन तथा मुफ्त इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश भी दिए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए हर जिला, तहसील स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस दिशा में सरकार सतत प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि विकास का यह सिलसिला अभी थमने वाला नहीं है। शहर के प्रत्येक नागरिक को अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना ही शासन की प्राथमिकता है। श्री तोमर ने आव्हान किया कि हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाएंगे और एक नया स्वस्थ, हरा-भरा, नशा मुक्त समाज बनाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विकास की दिशा में यह कदम स्वच्छता, सुरक्षित जल और बेहतर जीवन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ग्वालियर सांस्कृतिक, औद्योगिक और पर्यटन केन्द्र के रुप में विकसित हो रहा है। बीते कुछ समय में शहरी बुनियादी ढांचे के उन्नयन के साथ-साथ पर्यावरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि ग्वालियरवासियों को हम सभी से काफी उम्मीदें हैं। शहर में चल रहीं विभिन्न विकास योजनाओं के पूरा होने से न केवल सुविधाएं बढ़ रही हैं, बल्कि ग्वालियर को एक विकसित स्मार्ट सिटी के रूप में पहचान मिल रही है।

# किराए पर लगवाने का झाँसा देकर गाड़ियां बेचने वाला गिरोह बेनकाब

## - कारो को सरकारी विभाग मे किराए पर लगवाने का देते थे झासा
## - टीकमगढ़, सागर, दमोह से गाड़िया लाकर भोपाल में बेच देते

भोपाल(ए.)। शहर की अयोध्यानगर थाना पुलिस ने एक ऐसे गिरोह को बेनकाब किया है, जो टीकमगढ़, सागर, दमोह मे देहात इलाके के लोगो को निशाना बनाकर उनकी गाडियो को सरकारी विभाग मे मोटे किराए पर लगवाने का झाँसा देकर गाड़ियां लेते और उन्हे भोपाल लेकर आ जाते थे। यहाँ आरोपी खरीददार को मजबूरी बताकर इन वाहनो को सस्ते दामो पर बेच देते थे। टीम ने एक आरोपी को दबोचकर उसकी निशानदेही पर इनोवा, एक्सयूवी सहित 80 लाख कीमत के पॉच चार पहिया वाहन जप्त किये है। जानकारी के अनुसार बीती 12 अप्रैल 26 को टीकमगढ निवासी फरियादी मनोज मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की आरोपी आलोक चौबे ने उनकी महिन्द्रा एक्सयूवी कार एयरपोर्ट पर 45 हजार रुपये महीने पर किराये से चलवाने का झांसा



देकर एग्रीमेंट कर गाड़ी ले ली थी। इसके साथ ही आरोपी ने उनसे गाड़ी लगाने के लिए गारंटी के तौर पर बतौर जमानत 35 हजार रूपये भी लिए। आरोपी आलोक उनकी गाड़ी को टीकमगढ़ से भोपाल लेकर आया और पहले महिने में किराया भी भेजा। लेकिन इसके बाद उसने किराया देना बंद कर दिया। जब मनोज ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि आरोपी आलोक ने अपने अन्य साथी के साथ मिलकर उनकी गाड़ी कहीं बेच दी है। फरियारदी की शिकायत पर पुलिस ने आलोक चौबे और उसके साथी अरविन्द के खिलाफ मामला कायम कर उसकी तलाश शुरु की। आखिकार पुलिस ने फरार आरोपी आलोक चौबे पिता मुन्नालाल चौबे (250 निवासी, खउमुलया कोलार रोड अमरावत, भोपाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी आलोक ने खुलासा किया की उसने अपने अन्य साथी नर्मदा, अरविंद मिश्रा के साथ मिलकर फरियादी मनोज के साथ ही अन्य लोगो से उनके वाहन किराए पर लगाने के नाम पर टीकमगढ़ से भोपाल लाकर सस्ते दामों पर अन्य व्यक्ति को बेच दिये है। उसकी निशादेही पर पुलिस ने बेची गई महिन्द्रा एक्सयूव्ही, 2 बुलेरो, 2 इनोवा सहित पॉच चार पहिया वाहन जब्त किये है। मामले में पुलिस अन्य फरार आरोपियो के साथ ही गिरफ्त में आये आरोपी से आगे की पूछताछ कर रही हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित अखिल भारतीय सेमिनार में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने अंगवस्त्रम और पौधा भेंटकर स्वागत किया।

# वृद्ध पिता ने बेटे के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर की हत्या

## - पारिवारिक विवाद में हुई वारदात, पीएम रिर्पोट में हुआ खुलासा




भोपाल(ए.)। देहात इलाके के नजीराबाद थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद में वृद्ध पिता ने अपने बेटे पर कुल्हाड़ी से घातक वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। शुरुआती जॉच में मृतक के परिजन पुलिस को गुमराह करते हुए सिर पर कुल्हाड़ी गिरने से उसकी मौत होने की बात कहते रहे। बाद में सामने आई पीएम रिपोर्ट और अन्य लोगों के बयान के आधार पर पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। थाना पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय भगवान सिंह ग्राम बहरावल में रहता था। 31 मार्च को उसकी पीठ में कुल्हाड़ी लगने से वह गंभीर रुप से घायल हो गया था बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस टीम को शुरुआती जॉच में परिजनों ने बताया था कि वेल्डिंग करते समय उसके सिर पर कुल्हाड़ी गिर गई थी। पुलिस ने पूरे मामले की बारीकी से छानबीन की तब सामने आया की उसके 77 वर्षीय पिता गंगाराम ने सिर पर कुल्हाड़ी मारकर उसकी हत्या की है। घटना वाले दिन मृतक भगवान सिंह के माता-पिता के बीच किसी बात को विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर बेटे भगवान सिंह ने अपने पिता से दुर्व्यवहार करते हुए आपत्तिजनक बातें कह दी।

# हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी की द्वितीय परीक्षा 7 मई से



## माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश ने हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी की द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 के प्रवेश-पत्र वेबसाइट पर किए अपलोड

भोपाल,(निप्र)। भोपाल प्रदेश में हाई स्कूल और हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा 7 मई से प्रारंभ हो रही है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी की द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 के प्रवेश-पत्र MPONLINE के पोर्टल www.mpbse.mponline.gov.in पर अपलोड कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं।

# भोपाल में एमडी ड्रग तस्करी का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार, 23.14 ग्राम नशीला पदार्थ जब्त

## एमपी नगर में ग्राहक को सप्लाई देने की तैयारी में था आरोपी, पूछताछ में सप्लायर का खुलासा

भोपाल, (निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में क्राइम ब्रांच ने शनिवार को मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एमडी ड्रग की तस्करी में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 23.14 ग्राम एमडी ड्रग बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया गया है। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि एमपी नगर स्थित ब्रिज के नीचे एक युवक ग्राहक को एमडी ड्रग की डिलीवरी देने के लिए खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम माणिकलाल निवासी गोविंद गार्डन, अशोका गार्डन बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 23.14 ग्राम एमडी



ड्रग बरामद हुई।पूछताछ के दौरान माणिकलाल ने बताया कि उसने यह ड्रग मोहम्मद रिहान से खरीदी थी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने पीरगेट निवासी रिहान खान को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी मात्रा में एमडी ड्रग उन्हें कहां से मिली और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। क्राइम ब्रांच का कहना है कि शहर में नशे के नेटवर्क को तोड़ने के लिए आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने केंद्र में ही फांसी लगाकर की आत्महत्या

## - सुसाइड नोट में लगाये पति पर प्रताड़ना के आरोप

भोपाल(ए.)। शहर के कजलीखेड़ा थाना इलाके में रहने वाली एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने थुआखेड़ा आंगनबाड़ी में केंद्र में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से एक डायरी से दो पेज का सुसाइड नोट मिला। बाद में यह डायरी परिजनों ने पुलिस को सौंप दी है। सुसाइड नोट में महिला ने पति पर खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। साथ ही अपने बेटे और बहू को उनका हक दिलाने की बात लिखी और पति को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बात लिखी है। मर्ग कायम कर पुलिस ने शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंपते हुए आगे की जॉच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार थुआखेड़ी की रहने वाली ओमवती मीणा पति राजेश मीणा (48) आंगनबाड़ी में नौकरी करती थीं। शुक्रवार शाम वह आंगनबाड़ी में अकेली थीं। इससे पहले अन्य महिला कर्मचारी को बच्चों को लेने गांव भेजा था। जब सहकर्मी महिला वापस आंगनबाड़ी में लौटी तो उसे ओमवती का शव को पंखे पर बने दुपट्टे के फंदे पर लटका नजर आया।

# म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ शूटिंग अकादमियों में से एक : मंत्री श्री सारंग

## *24वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैम्पियनशिप का किया शुभारंभ*

भोपाल (ए.)। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी, भोपाल में आयोजित 24वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैम्पियनशिप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिये शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार खेलों के समग्र विकास के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की खेलोन्मुखी नीतियों और अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण के कारण प्रदेश आज देश के अग्रणी खेल राज्यों में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ शूटिंग अकादमियों में से एक है। यह अकादमी विश्वस्तरीय सुविधाओं और अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है। यहाँ खिलाड़ियों को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में शूटिंग खेल की अपार संभावनाएं हैं और प्रदेश के खिलाड़ी ओलम्पिक, एशियन गेम्स सहित विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। मंत्री श्री सारंग ने शूटिंग परिसर स्थित बैठक कक्ष में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर ग्रीष्मकालीन खेल शिविर आरोह-2026 सहित आगामी खेल गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# एम्स में भर्ती रेबीज के मरीज ने खिड़की से छलांग लगाकर की खुदकुशी

भोपाल(ए.)। राजधानी भोपाल में स्थित एम्स हॉस्टपिटल के मेडिकल वार्ड में भर्ती रेबीज के मरीज द्वारा वार्ड की खिड़की से छलांग लगाकर आत्महत्या किये जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। नीचे गिरने पर उसके दोनों हाथ व पैर टूट गए थे। अस्पताल में कुछ देर चले के इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बागसेवनिया पुलिस के अनुसार विदिशा जिले के इकोदिया गांव थाना नटेरन के रहने वाले कमल सिंह पिता बलराम सिंह (24) को बीती 5 मार्च को गांव में ही मोहल्ले के आवारा कुत्ते ने उसके दाहिने हाथ में काट लिया था। कुत्ते के काटने पर उसके हाथ से थोड़ा खून निकला और उस समय कोई तकलीफ न होने पर कमल सिंह ने लापरवाही बरतते हुए डॉक्टर को नहीं दिखाया और न ही रेबीज का इंजेक्शन लगवाया। घटना के कुछ दिन बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद उसने स्थानीय अस्पताल में दिखाया जहॉ डॉक्टरो ने उसे बताया गया कि एंटी रेबीज का इंजेक्शन नहीं लगने के कारण उसके शरीर में संक्रमण फैल गया और उसे रेबीज हो गया। रेबीज होने के कारण वह अजीब हरकतें करते हुए भोंकने के साथ ही मुंह से लार गिरा रहा था। हालत अधिक बिगड़ने वर परिजनों ने उसे 30 अप्रैल को इलाज के लिये एम्स में भर्ती करा दिया। उसे अस्पताल की पहली मंजिल पर बने मेडिकल वार्ड के आईसोलेशन वार्ड में रखा गया था। गुरुवार रात वह वार्ड के स्टॉफ की नजर से बचते हुए खिड़की के पास पहुंचा और नीचे छलांग लगा दी। जमीन पर गिरने के कारण उसके दोनों हाथ-पैर टूट गए। उसका एम्स में ही इलाज शुरु किया गया लेकिर थोड़ी देर बाद ही उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के परिजनों को सौंपते हुए आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

# प्रकृति अनुकूल स्थापत्य हमारे वास्तु का है आधार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रकृति अनुकूल स्थापत्य हमारे वास्तु का आधार है। वर्तमान समय की बड़ी चुनौती यह है कि हम कंक्रीट के बढ़ते जंगलों और सिमटते प्राकृतिक संसाधनों के बीच खड़े हैं। पर्यावरण अनुकूल निर्माण को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। हमें गर्व होना चाहिए कि हम उस परंपरा के उत्तराधिकारी हैं जिन्होंने स्वस्थ नगर नियोजन के साथ जल संरक्षण के लिए विशाल इकोलॉजिकल सिस्टम बनाये। विद्वान, वास्तुकार राजा भोज द्वारा विकसित भोपाल इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। सौभाग्य का विषय है कि सस्टेनेबल फ्यूचर इनोवेशंस इन ग्रीन बिल्डिंग प्रैक्टिसेस जैसे विषय पर भोपाल में राष्ट्रीय सेमिनार हो रहा है। प्रदेश के ऐतिहासिक स्थल मांडव के जल प्रबंधन और नगर नियोजन को देखते हुए वहां भी इस प्रकार के आयोजन होने चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ग्रीन बिल्डिंग तकनीक पर अखिल भारतीय सेमिनार और इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस की 113 गवर्निंग कॉउंसिल मीटिंग के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लोक निर्माण विभाग तथा इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस, कार्यक्रम के आयोजक हैं।

# जौनपुर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते भोपाल मंडल से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन



भोपाल (निप्र)। यात्रियों की सुविधा, संरक्षा एवं बेहतर परिचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल अंतर्गत जौनपुर जंक्शन स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य किया जा रहा है। यह कार्य 04 मई 2026 से 27 मई 2026 तक कुल 24 दिनों तक चरणबद्ध रूप से सम्पन्न होगा। इस कार्य के कारण पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल से होकर संचालित की जाने वाली कुछ गाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है।

**प्रारम्भिक तिथियों से जौनपुर की बजाय परिवर्तित मार्ग से जाने वाली रेलगाड़ियाँ:-**

1) गाड़ी संख्या 19051 वलसाड़-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, दिनांक 16, 23 मई को परिवर्तित मार्ग जियोनाथपुर-वाराणसी जंक्शन-वाराणसी सिटी-औंड़िहार जंक्शन। 2) गाड़ी संख्या 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड़ एक्सप्रेस दिनांक 18, 25 मई को परिवर्तित मार्ग औंड़िहार जंक्शन-वाराणसी सिटी-वाराणसी जंक्शन-जियोनाथपुर। 3) गाड़ी संख्या 11056 गोरखपुर-एलटीटी गोदान एक्सप्रेस, दिनांक 13, 15, 17, 19, 20, 22, 24, 26, 27 मई को परिवर्तित मार्ग शाहगंज जंक्शन-अयोध्या कैन्ट जंक्शन-सुलतानपुर जंक्शन-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-फाफा मऊ जंक्शन। 4) गाड़ी संख्या 11060 छपरा-एलटीटी एक्सप्रेस, दिनांक 14, 16, 18, 21, 23, 25 मई को परिवर्तित मार्ग शाहगंज जंक्शन-अयोध्या कैन्ट जंक्शन-सुलतानपुर जंक्शन-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-फाफा मऊ जंक्शन। 5) गाड़ी संख्या 11055 एलटीटी-गोरखपुर गोदान एक्सप्रेस, दिनांक 13, 15, 17, 18, 20, 22, 24, 25 मई को परिवर्तित मार्ग फाफा मऊ जंक्शन-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-अयोध्या कैन्ट जंक्शन-शाहगंज जंक्शन। 6) गाड़ी संख्या 11059 एलटीटी-छपरा एक्सप्रेस, दिनांक 12, 14, 16, 19, 21, 23, 26 मई को परिवर्तित मार्ग फाफा मऊ जंक्शन-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-अयोध्या कैन्ट जंक्शन-शाहगंज जंक्शन। 7) गाड़ी संख्या 19045 सूरत-थावे ताप्ती गंगा एक्सप्रेस, दिनांक 03, 04, 06, 07, 08, 10, 11, 13, 14, 15, 17, 18, 20, 21, 22, 24, 25 मई को परिवर्तित मार्ग ओहन केबिन-कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज जंक्शन-सुलतानपुर जंक्शन-अयोध्या कैन्ट जंक्शन-शाहगंज जंक्शन। 8) गाड़ी संख्या 19046 थावे-सूरत ताप्ती गंगा एक्सप्रेस, दिनांक 13, 15, 16, 17, 19, 20, 22, 23, 24, 26, 27 मई को परिवर्तित मार्ग शाहगंज जंक्शन-अयोध्या कैन्ट जंक्शन-सुलतानपुर जंक्शन-प्रयागराज जंक्शन-कानपुर सेंट्रल-ओहन केबिन। 9) गाड़ी संख्या 19321 इंदौर-पटना एक्सप्रेस, दिनांक 09, 16, 23 मई को परिवर्तित मार्ग लखनऊ-सुलतानपुर जंक्शन-जफराबाद जंक्शन। 10) गाड़ी संख्या 22103 लोकमान्य तिलक-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस, दिनांक 18, 25 मई को परिवर्तित मार्ग फाफा मऊ जंक्शन-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-सुलतानपुर जंक्शन-अयोध्या कैन्ट जंक्शन। 11) गाड़ी संख्या 11081 एलटीटी-गोरखपुर एक्सप्रेस, दिनाँक 13 एवं 20 मई को परिवर्तित मार्ग जियोनाथपुर-वाराणसी जंक्शन-वाराणसी सिटी-औंड़िहार जंक्शन। 12) गाड़ी स्नाख्या 11082 गोरखपुर-एलटीटी एक्सप्रेस, दिनाँक 15 एवं 22 मई को परिवर्तित मार्ग औंड़िहार जंक्शन-वाराणसी सिटी-वाराणसी जंक्शन-जियोनाथपुर। यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के दौरान कुछ ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन के कारण कुछ स्टेशनों पर स्थायी रूप से ठहराव प्रभावित हो सकते हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा आरंभ करने से पूर्व संबंधित ट्रेन की स्थिति हज्ञश्वस, रेलवे पूछताछ सेवा अथवा नजदीकी स्टेशन से अवश्य जांच लें।

## शर्मनाक : सगाई टूटी तो लड़की के माता-पिता का कर लिया अपहरण, जूतों की माला पहनाकर की बेइज्जती



सीहोर (ए.)। सीहोर जिले से एक ऐसी वारदात सामने आई है, जिसने इंसानियत को झकझोर दिया है। एक मामूली पारिवारिक विवाद ने ऐसा खौफनाक रूप ले लिया, जिसमें न केवल कानून की धज्जियां उड़ाई गईं, बल्कि सामाजिक मर्यादाओं को भी कुचल दिया गया। सगाई टूटने की नाराजगी में युवक के परिवार ने लड़की के माता-पिता को निशाना बनाते हुए अमानवीय अत्याचार किया। घटना सिद्धिकगंज थाने में आने वाले टीबूपुरा गांव की है, जहां आरोपी पक्ष ने पूरी साजिश के तहत दंपती को रास्ते में घेर लिया। हिम्मत सिंह बंजारा अपनी पत्नी के साथ अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहे थे, तभी चौबारा जागीर मार्ग पर उनकी बाइक को जबरन रोक लिया गया। आरोपियों ने बिना किसी डर के खुलेआम मारपीट शुरू कर दी और फिर दोनों को जबरदस्ती कार में ठूंसकर अगवा कर लिया।

**गांव में ले जाकर की बर्बर पिटाई और अपमान**

अपहरण के बाद आरोपियों ने दंपती को गांव ले जाकर हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। दोनों के साथ बेरहमी से मारपीट की गई, इतना ही नहीं, उन्हें जूते-चप्पलों की माला पहनाकर पूरे गांव में अपमानित किया गया।

# बरगी डैम हादसा: जब बिगड़ने लगा क्रूज का संतुलन तब क्यों बांटी गई लाइफ जैकेट? उजागर हो रही बड़ी लापरवाही

जबलपुर (ए.)। बरगी डैम हादसे के बाद वायरल वीडियो में सामने आया कि यात्रियों को आखिरी समय में लाइफ जैकेट दी जा रही थीं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। क्रूज हादसे के पहले के कई वीडियो सामने आए हैं जिसमें यात्री संगीत सुनते व मौज-मस्ती करते हुए देखे जा सकते हैं।

जबलपुर स्थित बरगी डैम त्रासदी के बाद अब एक-एक कर लापरवाही को उजागर करने वाले फोटो और वीडियो सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने पूरे मामले पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि जब क्रूज नाव का संतुलन बिगड़ने लगा, तब क्रूज संचालन से जुड़े लोग यात्रियों को लाइफ जैकेट पहनने के लिए दे रहे हैं। कई लाइफ जैकेट बंडलों में बंद थीं, जिन्हें अंतिम समय में खोलकर बांटा जा रहा था। हैरानी की बात यह है कि क्रूज में बैठे अधिकांश यात्री बिना लाइफ जैकेट के ही यात्रा करते नजर आ रहे हैं।

वीडियो में एक और दृश्य भी सामने आया है, जिसमें एक मां अपने मासूम बेटे को गोद में लिए बैठी है और दोनों ने लाइफ जैकेट नहीं पहन रखी है। यह दृश्य हादसे की भयावहता और लापरवाही की गंभीरता को और भी उजागर करता है।




सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब लाइफ जैकेट पर्याप्त संख्या में मौजूद थीं, तो यात्रियों को पहले ही उन्हें पहनने के लिए क्यों नहीं दिया गया? क्या ये जैकेट सिर्फ औपचारिकता पूरी करने के लिए रखी गई थीं, या फिर जांच के समय दिखाने के लिए बंडलों में पैक छोड़ दी गई थीं?

**क्रूज के डूबने से पहले मौज-मस्ती और गाना सुनते दिखे यात्री**

क्रूज नाव के डूबने से पहले यात्री संगीत सुनते हुए दिख रहे हैं। क्रूज की सवारी का आनंद ले रहे हैं। इस जौरान लाइफ जैकेट अधिकांश यात्री नहीं पहने हुए दिख रहे हैं। लेकिन किसी को क्या पता था कि ये मस्ती मौत से पहले की हो जाएगी। इतने भयावह हादसे की कल्पना भी नहीं की गई होगी।

**शुक्रवार को डैम में लाइफ जैकेट के बंडल पानी में तैरते हुए मिले**

गौरतलब है कि शुक्रवार को राहत-बचाव कार्य के दौरान भी डैम में लाइफ जैकेट के बंडल पानी में तैरते हुए मिले थे। ऐसे में यह स्पष्ट होता जा रहा है कि सुरक्षा के नाम पर बड़ी लापरवाही बरती गई, जिसने इस हादसे को और भी भयावह बना दिया। यह वीडियो न केवल हादसे की सच्चाई बयां करता है, बल्कि जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो इस पूरे मामले की असल तस्वीर सामने लाएगी।

**अभी चार लापता यात्रियों की तलाश जारी, इन पर हुई कार्रवाई**

बरगी डैम हादसे में कुल नौ यात्रियों की मौत हुई है। 28 को सुरक्षित बचाया गया है। वहीं, चार यात्री अभी लापता हैं। उनकी तलाश जारी है। आज सुबह पांच बजे से ही राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं, सरकार ने सख्त जांच के आदेश दिए हैं। लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई जारी है। क्रूज पायलट महेश पटेल, क्रूज हेल्पर छोटेलाल गोंड और टिकट काउंटर प्रभारी (FOA) बृजेंद्र की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं।

## नवविवाहिता ने की आत्महत्या, प्रेमी पर लगाए ब्लैकमेलिंग और शोषण के आरोप, इंस्टाग्राम पर डाला वीडियो




सागर (ए.)। जिले के बांदरी थाना क्षेत्र से एक बेहद दर्दनाक और संवेदनशील मामला सामने आया है, जहां 22 वर्षीय नवविवाहिता ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर अपनी आपबीती सुनाने के बाद आत्महत्या कर ली। शव उसके मायके में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है, वहीं परिजन और ग्रामीण आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात को युवती ने आत्महत्या से पहले इंस्टाग्राम पर एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें उसने गांव के ही एक युवक पर गंभीर आरोप लगाए। वीडियो में युवती ने कहा कि आरोपी लंबे समय से उसे पुराने संबंधों के आधार पर ब्लैकमेल कर रहा था और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। उसने यह भी आरोप लगाया कि युवक ने उसके निजी और आपत्तिजनक वीडियो तथा जानकारी उसके पति तक पहुंचा दी, जिससे उसका वैवाहिक जीवन पूरी तरह से टूट गया। बताया जा रहा है कि युवती की शादी करीब 10 महीने पहले हुई थी। शादी के बाद से ही आरोपी युवक उसे लगातार बदनाम करने की धमकी देता था। वीडियो में युवती ने साफ तौर पर कहा कि वह इस मानसिक तनाव को और बर्दाश्त नहीं कर पा रही है और अपनी जान देने जा रही है। इसके कुछ समय बाद ही गुरुवार रात को उसका शव मायके में फांसी के फंदे पर लटका मिला।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन स्तब्ध रह गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती की मौत के बाद परिवार में मातम का माहौल है। मृतका के पिता ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया है कि आरोपी युवक उनकी बेटी का अश्लील वीडियो बनाकर उसे लगातार ब्लैकमेल करता था। उन्होंने यह भी कहा कि युवक ने लंबे समय तक उनकी बेटी का शारीरिक शोषण किया और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा। पिता के अनुसार, बेटी लगातार तनाव में थी और समाज में बदनामी के डर से वह काफी परेशान रहती थी। इसी दबाव के चलते उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।

इस घटना के बाद शुक्रवार को आक्रोशित परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण बांदरी थाने पहुंचे। उन्होंने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## दहेज का विवाद हुआ जानलेवा, दामाद ने बैट से पीट-पीटकर की सास की हत्या; पुलिस ने किया गिरफ्तार

पन्ना (ए.)। पन्ना के बृजपुर थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अहिरगवां के ऊड़की में मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक जघन्य वारदात सामने आई है। यहां एक दामाद ने अपने ही रिश्तों का कत्ल करते हुए अपनी सास को लकड़ी के बैट से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। इस सनसनीखेज हत्याकांड के बाद से पूरे इलाके में दहशत और हड़कंप का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, मृतका रीता राय (50 वर्ष) की सबसे छोटी बेटी खुशी राय की शादी बीते वर्ष 23 मई 2025 को सतना के ग्राम गौ ?ा (पंचायत उसरर) जिला सतना निवासी संदीप विश्वास (28) वर्ष के साथ हुई थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही संदीप और उसके घरवाले मोटरसाइकिल और स्मार्टफोन की मांग को लेकर खुशी को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताडि़त कर रहे थे।

**धमकी के बाद दिया वारदात को अंजाम**

बताया जा रहा है कि गुरुवार को आरोपी संदीप अपनी गर्भवती पत्नी खुशी को उसके मायके छोड़ गया था। इसके बाद, शुक्रवार (1 मई) की सुबह वह अपने जीजा के साथ दोबारा ससुराल पहुंचा। यहां फिर से दहेज की मांग को लेकर विवाद हुआ।



विवाद इतना बढ़ा कि जाते-जाते आरोपी दामाद ने अपनी सास को जान से मारने की धमकी दे डाली। किसी को अंदाजा नहीं था कि वह अपनी इस धमकी को चंद घंटों में ही हकीकत में बदल देगा।

**रसोई में बना रही थी खाना, तभी काल बनकर पहुंचा दामाद**

मृतका के देवर संजय राय ने बताया कि रात करीब 9:00 बजे रीता राय घर में खाना बना रही थीं। तभी आरोपी संदीप अचानक वहां पहुंचा। उसके हाथ में लकड़ी का एक भारी बैट था। आरोपी ने बिना कुछ सोचे-समझे अपनी सास के सिर पर बैट से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई अपनी गर्भवती पत्नी खुशी को भी आरोपी ने धक्का देकर गिरा दिया।

हैवानियत का आलम यह था कि आरोपी ने अपनी सास के सिर पर एक के बाद एक तीन जोरदार वार किए। हमला इतना घातक था कि रीता राय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही बृजपुर थाना प्रभारी शक्ति प्रकाश पाण्डेय पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

**प्राथमिकी दर्ज**

थाना प्रभारी शक्ति प्रकाश पांडे का कहना है कि पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं और सरगर्मी से तलाश जारी है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा। इस घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। एक तरफ खुशी राय गर्भवती है और घर में नए मेहमान के आने की तैयारी थी, वहीं दूसरी तरफ उसके पति ने ही उसकी मां का कत्ल कर खुशियों को मातम में बदल दिया। फिलहाल पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

## व्यापार समाचार

# MF का दावा: भारत में डिजिटल सिस्टम से छोटे उद्यमों की कमाई बढ़ी, अब बड़े कारोबारियों को दे पा रहे टक्कर

नई दिल्ली (ए.)। भारत में सरकारी प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने की पहल का असर अब साफ तौर पर दिख रहा है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की एक नई स्टडी के मुताबिक, जिन राज्यों ने प्रशासनिक कामकाज को तेजी से ऑनलाइन किया, वहां छोटे कारोबारों (माइक्रो एंटरप्राइज) की उत्पादकता बढ़ी है और अलग-अलग कंपनियों के बीच का अंतर भी कम हुआ है।

**कैसे हुआ सर्वे ?**

यह अध्ययन 2010-11 और 2015-16 के राष्ट्रीय सर्वे डेटा पर आधारित है। इसमें अलग-अलग राज्यों के कारोबारों की तुलना की गई, खासकर उन राज्यों की जिन्होंने टैक्स फाइलिंग, परमिट, निरीक्षण और विवाद समाधान जैसे कामों को डिजिटल किया।

**डिजिटल सुधारों को अपनाने से क्या बदलवा हुआ ?**

रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन राज्यों ने ज्यादा डिजिटल सुधार अपनाए, वहां कारोबारों की काम करने की क्षमता





(प्रोडक्टिविटी) तेजी से बढ़ी। साथ ही कंपनियों के बीच जो फर्क पहले ज्यादा था, वह भी कम हुआ। इसका मतलब है कि छोटे और बड़े कारोबारों के बीच प्रतिस्पर्धा अब ज्यादा संतुलित हुई है।

**क्या है 98-पॉइंट एक्शन प्लान ?**

2014 में राज्यों ने मिलकर '98-पॉइंट एक्शन प्लान' लागू किया था, जिसका मकसद बिजनेस के लिए नियम आसान बनाना और ज्यादा से ज्यादा प्रक्रियाओं को ऑनलाइन करना था। इसके तहत छह मुख्य क्षेत्रों टैक्स सिस्टम, निर्माण परमिट, पर्यावरण और श्रम नियम, निरीक्षण, व्यावसायिक विवाद और सिंगल-विंडो क्लीयरेंस में सुधार किए गए।

**छोटे कारोबारियों को कैसे हुआ फायदा ?**

डिजिटल सिस्टम आने से छोटे कारोबारियों का काम काफी आसान हुआ। अब उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर कम लगाने पड़ते हैं, समय और पैसा दोनों की बचत होती है। ऑनलाइन टैक्स फाइलिंग और ऑटोमेटेड मंजूरी जैसी सुविधाओं ने पारदर्शिता बढ़ाई है और देरी को कम किया है। इससे रिश्वत जैसे अनौपचारिक खर्चों में भी कमी आई है।





## वैश्विक उथल-पुथल और घरेलू खरीदारी के बीच झूलता रहा भारतीय शेयर बाजार

**- साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में लगभग 0.50 फीसदी और निफ्टी में 0.39 फीसदी की गिरावट रही**

मुंबई (ए.)। मजदूर दिवस के अवकाश के कारण यह सप्ताह छोटा रहा, पर भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों को भावनाओं के रोलरकोस्टर का अनुभव हुआ। लगातार तीन सत्रों की गिरावट के बाद सोमवार को बाजार में आशा लौटी पर मंगलवार और खासकर गुरुवार को वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और विदेशी फंडों की निकासी से बाजार फिर दबाव में आ गया। इस अस्थिर सप्ताह में सेंसेक्स और निफ्टी में तीव्र उतार-चढ़ाव रहा। सप्ताह का पहला दिन भारतीय बाजार के लिए राहत भरा रहा। पिछली गिरावट के बाद सोमवार को बाजार जोरदार हरे निशान पर खुले। वैश्विक सकारात्मक संकेतों और प्रमुख शेयरों में खरीदारी से दिनभर तेजी रही। सेंसेक्स 639 अंक बढ़कर 77,303 पर, और निफ्टी 194 अंक चढ़कर 24,092 पर बंद हुए, जिससे निवेशकों को बड़ी राहत मिली। मंगलवार को बाजार की गति धीमी रही। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में गिरावट से नरमी आई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 208 अंक गिरा, निफ्टी भी 42 अंक लुढ़का। रुपया भी डॉलर के मुकाबले 24 पैसे कमजोर हुआ।

## कच्चे तेल में गिरावट का असर, कहीं बढ़े, कहीं घटे पेट्रोल-डीजल के दाम!

**- अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 14 डॉलर टूटकर 18 डॉलर के करीब पहुंचा**




नई दिल्ली (ए.)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के बावजूद शनिवार को देश के कई शहरों में पेट्रोल और डीजल के खुदरा दाम में मिला-जुला असर देखने को मिला। एक दिन में ब्रेंट क्रूड 122 डॉलर से गिरकर 108 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जिसने घरेलू ईंधन बाजार में हलचल पैदा कर दी। बीते 24 घंटे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। ब्रेंट क्रूड 118.20 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 101.90 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जो एक दिन पहले के 122 डॉलर के स्तर से काफी नीचे है। इस नाटकीय गिरावट के बावजूद भारत में पेट्रोल-डीजल के दामों पर इसका असर कहीं वृद्धि तो कहीं कमी के रूप में सामने आया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 12 पैसे महंगा होकर 94.85 रुपये और डीजल 13 पैसे बढ़कर 87.89 रुपये प्रति लीटर हुआ। इसी तरह नोएडा में भी पेट्रोल 11 पैसे और डीजल 9 पैसे महंगे हुए। वहीं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के गुरुग्राम में उपभोक्ताओं को राहत मिली, जहां पेट्रोल और डीजल दोनों 9 पैसे सस्ते हुए हैं। हालांकि दिल्ली (पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये), मुंबई (पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये), चेन्नई (पेट्रोल 100.76 रुपये, डीजल 92.35 रुपये) और कोलकाता (पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये) जैसे देश के चारों महानगरों में शनिवार को ईंधन की कीमतें पहले के स्तर पर ही स्थिर बनी हुई हैं।

### CBI को मिली बड़ी सफलता: यूएई से भारत लाया गया भगोड़ा कमलेश पारेख, सैंकड़ों करोड़ की वित्तीय धोखाधड़ी का आरोप


नई दिल्ली (ए.)। यूएई से भगोड़े कमलेश पारेख को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने भारत लाकर हिरासत में लिया है। पारेख पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया समेत कई बैंकों के सैकड़ों करोड़ रुपये के फंड में हेरफेर और विदेशों में डायवर्जन का आरोप है। आइए विस्तार से जानते हैं।

बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) को अहम सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी कमलेश पारेख को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत प्रत्यर्पित कर लिया गया है। 1 मई को पारेख को भारत लाया गया, जहां दिल्ली पहुंचते ही सीबीआई ने उन्हें हिरासत में ले लिया।



**कैसे-कैसे हुई कार्रवाई ?**

यह कार्रवाई विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ समन्वय में अंजाम दी गई। पारेख के खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी था, जिसके आधार पर उसे यूएई में ट्रैक कर हिरासत में लिया गया। भारत के औपचारिक अनुरोध और दोनों देशों के बीच कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसे भारतीय एजेंसियों को सौंप दिया गया।




## LPG Crisis: कमर्शियल के बाद अब घरेलू रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल के बढ़ सकते हैं दाम, जानें क्या है वजह

नई दिल्ली (ए.)। कमर्शियल सिलिंडर 993 रुपये महंगा हो गया। लेकिन, रसोई गैस सिलिंडर और पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़े। पहली नजर में यह राहत लगती है, लेकिन असली कहानी रोके हुए दबाव की है। बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों की लागत बढ़ चुकी है और तेल कंपनियों पर नुकसान का बोझ बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार के सामने बड़ी चुनौती है कि आम उपभोक्ता को कब तक बचाया जा सकता है?

दिक्कत यह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार और घरेलू कीमतों के बीच का अंतर अब बड़ा हो गया है। रेटिंग एजेंसी इक्रा के मुताबिक, अगर कच्चा तेल 120-125 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रहता है, तो पेट्रोल पर तेल कंपनियों का मार्केटिंग मार्जिन करीब 14 रुपये और डीजल पर 18 रुपये प्रति लीटर निगेटिव है। घरेलू एलपीजी पर भी दबाव तेज है। एजेंसी का अनुमान है कि मौजूदा अंडर-रिकवरी बनी रही, तो वित्त वर्ष 2026-27 में घरेलू एलपीजी पर तेल कंपनियों की अंडर-रिकवरी 80,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है।

यही आंकड़ा सरकार की मुश्किल बताता है। 2026-27 के बजट में एलपीजी सब्सिडी के लिए 11,085 करोड़ का प्रावधान है। इसमें गरीब परिवारों के एलपीजी कनेक्शन के लिए 9,200 करोड़ और पहल के तहत डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के लिए 1,500 करोड़ रुपये शामिल हैं। अगर एलपीजी अंडर-रिकवरी 80,000 करोड़ के आसपास जाती है, तो यह मौजूदा बजट प्रावधान से कई गुना बड़ा बोझ होगा।

सरकार ने पहले भी की है भरपाई- यह पहली बार नहीं है, जब ग्राहकों को बचाने की कीमत तेल कंपनियों ने चुकाई है। अगस्त, 2025 में कैबिनेट ने इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम को घरेलू एलपीजी पर नुकसान की भरपाई के लिए 30,000 करोड़ की क्षतिपूर्ति मंजूर की थी।

दबाव सिर्फ कंपनियों तक सीमित नहीं: दबाव सिर्फ तेल कंपनियों तक सीमित नहीं है। इक्रा ने 2026-27 में उर्वरक सब्सिडी 2.05 से 2.25 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान लगाया है, जबकि बजट में 1.71 लाख करोड़ का प्रावधान है। यानी महंगी ऊर्जा का असर सरकारी खर्च, कंपनी मार्जिन और जनता की जेब...तीनों पर पड़ रहा है।

**सरकार के पास तीन रास्ते**

पेट्रोल-डीजल में भी कहानी ऐसी ही है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, निकट भविष्य में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। खुदरा कीमतें अप्रैल, 2022 से लगभग स्थिर हैं। इस बीच, कच्चा तेल इस सप्ताह 126 डॉलर प्रति बैरल तक गया और नरमी के बाद भी 110 डॉलर से ऊपर रहा। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये लीटर और डीजल 87.67 रुपये लीटर पर है। सरकार के पास अब तीन रास्ते हैं-

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## अधिकारों का सार्थक ढंग

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि भारत में समस्या अधिकारों का अभाव नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि अधिकारों का सार्थक ढंग से उपभोग किया जा सके। भारत की जमीनी हकीकत से परिचित लोग सहज ही इस राय से इस्तेफ़ाक रखेंगे। अधिकारों पर जारी बहस के बीच प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत ने यह महत्त्वपूर्ण टिप्पणी की है कि 'जिस अधिकार का व्यवहार में उपभोग ना किया जा सके, वह कागजी वायदे के ज्यादा कुछ नहीं है।' उन्होंने कहा कि भारत में समस्या अधिकारों का अभाव नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि अधिकारों का सार्थक ढंग से उपयोग किया जा सके। भारत की जमीनी हकीकत से परिचित लोग सहज ही प्रधान न्यायाधीश की इस राय से इस्तेफ़ाक रखेंगे। बेशक, अपने देश में नागरिकों के लिए संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों की लंबी सूची है। मगर ये कड़वी हकीकत है कि अधिकांश नागरिकों के लिए वे अधिकार ज्यादा मायने नहीं रखते। मसलन, जिन नागरिकों को उपयुक्त शिक्षा-दीक्षा और ऐसी परिस्थितियां प्राप्त नहीं हुईं, जिनसे वे राजकाज एवं सार्वजनिक मुद्दों पर कुछ कहने योग्य विचार विकसित कर पाएं, उनके लिए अभिव्यक्ति की आजादी महज ऐसा गहना है, जिसे वे कभी पहन नहीं पाते। फिर आसपास भयमुक्त वातावरण ना हो, तो उनके इस अधिकार के लिए खतरा सिर्फ सरकार के फरमानों से नहीं, बल्कि स्थानीय सामाजिक- आर्थिक ढांचे से भी पैदा होता है। जस्टिस कांत ने भी कहा कि भौगोलिक स्थितियों, इन्फ्रास्ट्रक्चर संबंधी कमियों और आर्थिक बाधाओं के कारण बड़ी संख्या में लोग अदालत और उन संस्थाओं के पास नहीं पहुंच पाते, जिनका मकसद उनके अधिकारों की रक्षा है।सार यह कि अधिकारों का विमर्श तभी अपनी मंजिल तक पहुंचेगा, जब अधिकारों के उपभोग की परिस्थितियों को चर्चा में शामिल किया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं होता, क्योंकि अधिकारों के हनन की सारी बहस सभ्रांत वर्ग के दायरे में सिमटी रहती है। संभवत: यही कारण है कि नागिरक अधिकारों पर हमले और संविधान बचाओ जैसी बातें आम जन मानस को नहीं छू पातीं। जो तबके ऐसे अधिकारों से वंचित हैं, उनमें वोट की ताकत उन हकों की रक्षा करने का जज्बा गायब रहता है। उलटे नकदी ट्रांसफर की योजनाएं उन्हें लुभा लेती हैं, क्योंकि उनसे भले ही सीमित, लेकिन वास्तविक फायदा उन्हें मिलता है। अत: जस्टिस कांत की टिप्पणियों को उनकी सही भावना में देखा जाना चाहिए। ऐसा करना अधिकारों को उनके असल संदर्भ में देखना होगा।

# (विचार मंथन) सबसे महंगी रसोई गैस गरीबों को

**सनत जैन**

*पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का मतदान 29 अप्रैल को जैसे ही खत्म हुआ उसके तुरंत बाद सरकार की सबसे बड़ी महंगाई की गाज गरीबों और मध्यम वर्ग के ऊपर पड़ी है। पेट्रोलियम कंपनियों ने 5 किलो के छोटे सिलेंडर में 261 रुपए की मूल्य वृद्धि कर दी है। भारत में यह सबसे महंगी गैस हो गई है जो 162 रुपए किलो गरीबों को खरीदनी पड़ेगी। पेट्रोलियम कंपनियों ने कमर्शियल रसोई गैस के सिलेंडर से ज्यादा छोटू सिलेंडर की रखी है। निदित रूप से 5 किलो वाले सिलेंडर की सप्लाई पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा की जा रही है।*



पिछले दो महीने में सरकार और पेट्रोलियम कंपनी ने 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर के कनेक्शन बड़ी मात्रा में उपलब्ध कराए हैं। अमेरिका और ईरान युद्ध के बाद एलपीजी गैस की कमी होने के कारण सरकार ने एक तीर से दो शिकार किए हैं। 5 किलो के छोटू सिलेंडर ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके लिए लोगों को 5 किलो के सिलेंडर लेने पड़ रहे हैं। इसमें भी पेट्रोलियम कंपनी को कमाई हो रही है। गैस के दाम भी सबसे ज्यादा कर दिए हैं। लाखों लोग रोजाना 5 किलो के सिलेंडर पेट्रोलियम कंपनियों से ले रहे हैं। 14 किलो वाले सिलेंडर की सप्लाई लगातार कम होती जा रही है। इसमें सरकार को सब्सिडी देना पड़ती है। दूसरा इसके लिए गैस भी पेट्रोलियम कंपनियों के पास ज्यादा होनी चाहिए। एक संयोजित रणनीति के तहत 14 किलो के गैस सिलेंडर के स्थान पर 5 किलो के गैस सिलेंडर की सप्लाई बढ़ा दी गई है। भारत में सबसे महंगी गैस गरीबों और मध्यम वर्ग को खरीदना पड़ रही है। कमर्शियल गैस सिलेंडर जो 19 किलो वाला है वह भी छोटू सिलेंडर की तुलना में कम कीमत पर पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा बेचा जा रहा है। रही सही कसर दो-चार दिन में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने को लेकर पूरी होने जा रही है। पेट्रोलियम मंत्री ने पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ाने का संकेत दे दिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक माह में तीन से चार बार कीमत बढ़ाई जाएगी। 20 से 25 रुपये प्रति लीटर डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़ाने की संभावना जताई जा रही है। जैसे ही पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ेंगे उसके बाद बड़ी तेजी के साथ हर क्षेत्र में महंगाई बढ़ेगी। इसका खामियाजा भी सबसे ज्यादा गरीब और मध्यम वर्ग को ही भुगतना पड़ेगा। इन्हीं की जनसंख्या सबसे ज्यादा है। यही सबसे ज्यादा खाते हैं, पीते हैं, खर्च करते हैं और बोझ भी बहुत सारा सरकार इन्हीं पर डाल रही है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी निजी पेट्रोलियम कंपनियों के ऊपर बड़े मेहरबान हैं। पिछले 4 साल में जब कच्चे तेल के दाम कम थे, उस समय भी निजी क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी को भारी मुनाफा कमाने का मौका दिया गया। रूस से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल कम कीमत पर आयात किया गया। इसका लाभ भारत के उपभोक्ताओं को नहीं मिला। निजी कंपनियों ने रूस से कच्चे तेल को खरीदकर उसे रिफाइन करके विदेशों में निर्यात किया और भारी मुनाफा कमाया। अभी भी सरकार पेट्रोलियम कंपनियों के ऊपर मेहरबान है। सरकार ने एक्साइज ड्यूटी घटा दी है। इसका फायदा पेट्रोलियम कंपनी को हुआ है। लेकिन अब सरकार जिस तरह से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ाने की अनुमति पेट्रोलियम कंपनी को दे रही है उसके बाद महंगाई की गाज गरीबों और मध्यम वर्ग के ऊपर गिरना तय है। इसको लेकर लोगों में अभी से घबराहट दिखने लगी है। आगे भगवान ही मालिक है। सरकार ने पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है। इसको लेकर सभी को हैरानी हो रही है।

## स्वतंत्र मीडिया लोकतंत्र की सेहत का आईना

**सौरभ वार्ष्णेय**

प्रत्येक वर्ष 3 मई को पूरे विश्व में प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। यह केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सेहत का आईना है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक मीडिया किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। प्रेस की आज़ादी सिर्फ पत्रकारों का अधिकार नहीं, बल्कि नागरिकों के जानने के अधिकार का विस्तार है। वहीं रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा जारी 2026 विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत 180 देशों में 157 वें स्थान पर है। पिछले वर्ष (2025) के 151वें स्थान की तुलना में यह छह पायदान की गिरावट है। भारत में पत्रकारों के खिलाफ हिंसा, मीडिया के केंद्रीकृत स्वामित्व और राजनीतिक दबाव के कारण यह रैंकिंग बेहद गंभीर श्रेणी में है।

आज जब दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है, सूचना का प्रवाह पहले से कहीं अधिक तेज़ और व्यापक हो गया है। लेकिन इसी के साथ प्रेस की स्वतंत्रता पर नए प्रकार के खतरे भी मंडरा रहे हैं। फेक न्यूज़, ट्रोल संस्कृति, सत्ता का दबाव, कॉरपोरेट हितों का प्रभाव और पत्रकारों की सुरक्षा जैसे मुद्दे गंभीर चुनौती बनकर उभरे हैं। कई देशों में पत्रकारों को सच्चाई उजागर करने की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है—यह स्थिति किसी भी सभ्य समाज के लिए चिंताजनक है।

भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यहां प्रेस न केवल सत्ता की निगरानी करता है, बल्कि समाज के हाशिए पर खड़े लोगों की आवाज़ भी बनता है।

## बगिया के विष्णु' का विकास विज़न-सुशासन से जन-जन तक पहुंचती सरकार

एल.डी.मानिकपुरी

छत्तीसगढ़ में बीते लगभग ढाई वर्षों में शासन की कार्यशैली को लेकर एक नई परिभाषा गढ़ने की कोशिश दिखाई देती है। विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सुशासन को केवल एक नारा नहीं, बल्कि जमीनी क्रियान्वयन का आधार बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सीमित समयावधि करीब 2 वर्ष 4 माह 17 दिन में ही सरकार ने विकास का जो खाका तैयार किया है, उसे भविष्य की बड़ी तस्वीर के रूप में देखा जा रहा है।

प्रदेश की पहचान 'धान का कटोरा' के रूप में रही है, लेकिन इस पहचान को सम्मान देने का काम हालिया नीतिगत निर्णयों में स्पष्ट दिखता है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी और 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर तय करना केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि अन्नदाताओं के आत्मविश्वास को मजबूत करने की पहल भी है। इसके साथ ही, तेंदूपत्ता संग्राहकों जिन्हें 'हरा सोना' से जुड़ा श्रमिक वर्ग कहा जाता है, के लिए पारिश्रमिक दर को 5500 रुपये करना और चरण पादुका वितरण जैसे निर्णयों ने आदिवासी क्षेत्रों में राहत पहुंचाई है।

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही लगभग 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति देना सरकार की प्राथमिकताओं को दर्शाता है। बेघर और जरूरतमंद परिवारों को छत उपलब्ध कराना सुशासन की पहली सीढ़ी के रूप में देखा गया। राज्य सरकार ने 70 लाख से अधिक विवाहित महिलाओं के खातों में प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि देने की पहल की। यह राशि भले सीमित लगे, लेकिन ग्रामीण और जरूरतमंद परिवारों के लिए यह आर्थिक संबल का काम कर रही है। यह कदम महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

लंबे समय तक नक्सलवाद से प्रभावित रहे बस्तर क्षेत्र में शांति स्थापित करने की दिशा में केंद्र और राज्य के संयुक्त प्रयासों ने असर दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति और संकल्प के साथ 31 मार्च 2026 तक नक्सलमुक्ति का लक्ष्य एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। इससे विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद बढ़ी है।

विष्णु देव साय सरकार ने युवाओं के लिए पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से जुड़े मामलों में जांच कराना सरकार के जवाबदेही वाले दृष्टिकोण को दर्शाता है। साथ ही, खेल गतिविधियों विशेषकर बस्तर व सरगुजा ओलंपिक जैसे आयोजनों के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया है।

विगत वर्ष आयोजित 'सुशासन तिहार' को इस वर्ष भी 1 मई से 10 जून तक आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखना, नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और प्रशासन को सीधे जनता से जोड़ना है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य के समन्वय को डबल इंजन सरकार के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। राज्य सरकार का मानना है कि इस समन्वय से विकास योजनाओं को गति मिली है और इसका लाभ प्रदेश के लगभग तीन करोड़ नागरिकों तक पहुंच रहा है।

'बगिया के विष्णु' के रूप में पहचाने जाने वाले मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों ईब से इंद्रावती तक विकास का जो रोडमैप तैयार किया है, वह समावेशी विकास की अवधारणा को दर्शाता है। लक्ष्य स्पष्ट है, अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना।

छत्तीसगढ़ में सुशासन की यह यात्रा अभी प्रारंभिक चरण में है, लेकिन दिशा स्पष्ट दिखाई देती है। सरकार की प्राथमिकताओं में किसान, महिला, आदिवासी, युवा और ग्रामीण समाज केंद्र में हैं। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि ये नीतियां किस तरह स्थायी बदलाव का रूप लेती हैं, लेकिन फिलहाल इतना तय है कि विकास की यह कहानी गति पकड़ चुकी है।




मेष राशि- आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से बड़ी खुशखबरी मिलेगी और आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में अधिक ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा।

वृष राशि- आज आपका दिन शांतिपूर्ण बीतेगा। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप कुछ नया सीखेंगे। आपकी कड़ी मेहनत और कार्य करने के तरीके से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिलायेगा। पारिवारिक रिश्तों में गहराई और अपनापन महसूस हो सकता है। आज आपकी पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।आज जमीन जायदाद से जुड़े काम निपट जायेंगे। साझेदार की गतिविधियों पर ध्यान देंगे।

कर्क राशि- आज आपका दिन आपके लिए परिवार के लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। आज आपको नयी जानकारी मिलेगी यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। आज अध्यात्मिक कामों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने लिए अच्छा मौका मिलेगा। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की सख्त जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए लकी साबित होगा। असंभव सा लगने वाला काम भी आज पूरा हो जाएगा साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से ख़ुशी मिलेगी। मानसिक रूप से जिन लोगों के साथ परेशानी है, उसे दूर करने का उपाय मिलेगा। आज किसी से बात करते समय अपनी भाषा में मधुरता बनाये रखें।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए शुभफलदायी रहने वाला है। आज जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। अपने स्वभाव में धैर्य और विनम्रता बनाये रखें।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आप किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल हो सकते है। किसी विशेष काम में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। आज जरूरी काम को लेकर उस विषय के जानकार व्यक्ति से विचार विमर्श करेंगे और योजना बनाएंगे। आपकी कार्य योजनाएं सफल होने के योग हैं। परिवार से जुड़ी परेशानी आज समाप्त हो जाएगी।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज किसी फिल्म में गाने का मौका मिल सकता है। आज किसी सामाजिक कार्यशाला में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। आज अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलें तो आपको अच्छी जानकारी मिल सकती है जो आपके बहुत ही काम आएगी। आज कुछ पुरानी बातें आपको याद आ सकती हैं।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिये फेवरेबल होने वाला है। आज आपको बड़ी उपलब्धि मिल सकती है जिसकी आपको बहुत दिनों से ख्वाहिश थी। आज किसी इम्पोर्टेन्ट विषय में अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। आज आप अपने सभी काम मेहनत, धैर्य और समझदारी से निपटा लेंगे।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज ऑफिस में कामकाज ज्यादा रहेगा। जिसकी वजह से आपको खुद के लिए समय निकल पाना मुश्किल होगा। लेकिन काम समय से पूरा होने से आपको ख़ुशी भी होगी। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है।

## नए ज़िम्मेदार ऑनलाइन गेमिंग इकोसिस्टम का निर्माण

एस. कृष्णन

ऑनलाइन गेमिंग के लिए एक राष्ट्रीय ढाँचा स्थापित करने की दिशा में भारत की पहल अवसर और जोखिम के संगम से उत्पन्न हुई है। बीते एक दशक में डिजिटल गेमिंग का तेजी से विस्तार हुआ है, जिसे बड़े पैमाने पर स्मार्टफोन अपनाने, किफायती इंटरनेट कनेक्टिविटी और तकनीक का उपयोग करने और उस पर निर्भर रहने वाली युवा आबादी का समर्थन मिला है। इस विकास ने नवाचार, कौशल विकास, रचनात्मक उद्योगों और रोजगार सृजन के लिए सार्थक अवसरों का सृजन किया है । मनोविनोद के लिए गेमिंग और संगठित प्रतिस्पर्धी प्रारूपों ने भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता भी प्रदर्शित की है।

इन अवसरों के साथ-साथ, ऑनलाइन मनी गेमिंग—विशेष रूप से सट्टेबाजी और दांव लगाने वाले (यानी बेटिंग वेजरिंग) प्लेटफॉर्मों के अनियंत्रित विस्तार ने गंभीर सामाजिक और आर्थिक चिंताओं को भी जन्म दिया। ऐसे अनेक सेवा प्रदाता राज्य सीमाओं के पार या विदेशी क्षेत्रों से संचालित होते थे, जो घरेलू सुरक्षा उपायों को नज़रअंदाज़ करते थे और कानूनों को लागू करना कठिन बनाते थे। दबाव बनाने वाले विज्ञापनों और मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित करने वाले डिज़ाइन फीचर्स ने कमजोर उपयोगकर्ताओं में लत जैसी प्रवृत्तियों और वित्तीय नुकसान को बढ़ावा दिया। वित्तीय संकट, डिजिटल भुगतान प्रणालियों के दुरुपयोग और अस्पष्ट अंतरराष्ट्रीय वित्तीय लेन-देन की रिपोर्ट्स ने धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय अस्थिरता से जुड़े जोखिमों को उजागर किया। इन परिस्थितियों ने एक ऐसे राष्ट्रीय ढाँचे की आवश्यकता को रेखांकित किया, जो व्यक्तियों—विशेषकर युवाओं—की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए गेमिंग इकोसिस्टम के वैध हिस्सों को जिम्मेदारी से विकसित होने में सक्षम बनाए।

ऑनलाइन सोशल गेम्स और ई-स्पोर्ट्स नामक संगठित प्रतिस्पर्धी प्रारूपों जैसे वैध गेमिंग क्षेत्रों की सहायता के लिए एकीकृत संस्थागत ढाँचे का अभाव भी उतना ही महत्वपूर्ण था। डेवलपर्स के पास श्रेणीकरण की ऐसी कोई प्रक्रिया नहीं थी, जिसका पहले से अनुमान लगाया जा सके और उपयोगकर्ताओं को अक्सर वैध मनोरंजन और अवैध सट्टेबाजी के बीच फर्क समझने में कठिनाई होती थी। अत: इसका उद्देश्य केवल हानिकारक गतिविधियों पर रोक लगाना नहीं, बल्कि एक संतुलित ढाँचा भी स्थापित करना था, जो उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे और जिम्मेदार नवाचार को भी संभव बनाए।

ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन अधिनियम, 2025, (पीआरओजीए) इसी संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसे डेवलपर्स, ई-स्पोर्ट्स संगठनों, कानूनी विशेषज्ञों, प्रौद्योगिकी पेशेवरों और सामाजिक संगठनों के हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद अंतिम रूप दिया गया है। प्राप्त प्रतिक्रियाओं में लगातार पारदर्शी श्रेणीकरण, पूर्वानुमेय अनुपालन दायित्वों और वैध प्रारूपों के लिए व्यवस्थित व सरल मान्यता प्रक्रियाओं की आवश्यकता पर जोर दिया गया। हितधारकों ने अवैध सट्टेबाजी प्लेटफॉर्मों के खिलाफ समन्वित कार्रवाई मजबूत करते हुए वैध मनोरंजक और प्रतिस्पर्धी गेमिंग को बढ़ावा देने का समर्थन किया।

संचालन स्तर पर, यह ढाँचा परस्पर संबद्ध तीन चरणों—अवधारण, मान्यता और पंजीकरण—पर आधारित एक व्यवस्थित श्रृंखला प्रस्तुत करता है। ये चरण क्रमिक रूप से कार्य करते हैं और इन्हें पीआरओजीए तथा उसके नियमों में दी गई वैधानिक परिभाषाओं के साथ समझना आवश्यक है।

अवधारण एक नियामक प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है, जिसके माध्यम से किसी भी गेम की जांच और उसका श्रेणीकरण किया जाता है। यह प्रत्येक ऑनलाइन गेम के लिए अनिवार्य नहीं है, बल्कि केवल सीमित और निर्धारित परिस्थितियों में ही आवश्यक होता है। सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि ई-स्पोर्ट्स की मान्यता से पहले अवधारण अनिवार्य होता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रतिस्पर्धी प्रारूप वैधानिक सुरक्षा मानकों का पालन करते हैं और सट्टेबाजी के तत्वों से मुक्त रहते हैं। इसके अलावा, अवधारण आमतौर पर उन स्थितियों में आवश्यक होता है, जब किसी गेम के ऑनलाइन मनी गेमिंग की परिभाषा के दायरे में आने की आशंका हो, जब अधिसूचित ऑनलाइन सोशल गेम्स की श्रेणियों के लिए श्रेणीकरण जरूरी हो, जब शिकायतों या खुफिया सूचनाओं से प्रतिबंधित गतिविधियों को सक्षम करने वाले संभावित वित्तीय तत्वों का संकेत मिले, या जब भारतीय ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण (ओजीएआई) जनहित में जांच का निर्देश दे। अवधारण प्रारंभिक श्रेणीकरण को संभव बनाकर, अवैध वित्तीय मॉडलों को गेमिंग इकोसिस्टम में प्रवेश करने से रोकता है, जबकि वैध प्रारूपों को नियामक स्पष्टता के साथ आगे बढ़ने की अनुमति देता है।

अवधारण के बाद, पात्र प्रारूपों को मान्यता दी जा सकती है। ई-स्पोर्ट्स की मान्यता राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम, 2025 के अंतर्गत विनियमित होती है, जिसमें संगठित मल्टीप्लेयर गेमप्ले, पूर्व-निर्धारित प्रतिस्पर्धात्मक नियम और परिणाम केवल मानसिक कौशल, शारीरिक दक्षता या रणनीतिक निर्णय लेने जैसे कारकों पर आधारित होना आवश्यक है। प्रतिभागिता शुल्क की अनुमति केवल प्रतियोगिता से संबंधित प्रशासनिक खर्चों और प्रदर्शन-आधारित पुरस्कार संरचनाओं को समर्थन देने के लिए ही दी जा सकती है। हालांकि, किसी भी रूप में सट्टेबाजी या दांव लगाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहता है। मान्यता से पहले अनिवार्य अवधारण यह सुनिश्चित करता है कि मान्यता प्राप्त ई-स्पोर्ट्स प्रारूप सभी वैधानिक सुरक्षा मानकों का पालन करते हैं।

इसके समानांतर, यह ढाँचा ऑनलाइन सोशल गेम्स के पंजीकरण के लिए एक मार्ग स्थापित करता है, जो वित्तीय सट्टेबाजी के लिए नहीं, बल्कि मुख्यत: मनोरंजन और सामाजिक सहभागिता के उद्देश्य से बनाए गए होते हैं।





# दिल्ली के लाखों अभिभावकों को बड़ी राहत, स्कूल अब एक बार में एक माह से ज्यादा की नहीं ले सकते फीस



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे एक बार में एक महीने से अधिक की फीस न लें। शिक्षा निदेशालय (DoE) ने नियमों का उल्लंघन करने पर शिक्षण संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। निर्देश में दोहराया गया है कि स्कूलों को एक ही किश्त में एक कैलेंडर महीने से अधिक की फीस का भुगतान अनिवार्य, आवश्यक या बाध्यकारी नहीं करना चाहिए। शिक्षा विभाग की अधिसूचना में कहा गया है कि कोई भी विद्यालय किसी भी प्रकार से किसी भी अभिभावक या संरक्षक को एक कैलेंडर माह से अधिक की फीस एक ही किश्त में देने के लिए बाध्य, मजबूर या विवश नहीं करेगा। हालांकि, यह स्पष्ट किया जाता है कि जो अभिभावक या संरक्षक अपनी इच्छा से और बिना किसी दबाव या प्रलोभन के एक माह से अधिक की फीस एक ही किश्त में देना सुविधाजनक समझते हैं, उन्हें ऐसा करने की अनुमति दी जा सकती है। आदेश में कहा गया है कि कोई भी विद्यालय प्रवेश, निरंतर नामांकन या किसी भी छात्र सेवा तक पहुंच के लिए अग्रिम शुल्क भुगतान को पूर्व शर्त नहीं बनाएगा। सभी विद्यालयों को यह आदेश अपने नोटिस बोर्ड पर प्रमुखता से प्रदर्शित करना होगा और सात कार्य दिवसों के भीतर इसे अपनी आधिकारिक वेबसाइटों पर अपलोड करना होगा। दिल्ली विद्यालय शिक्षा अधिनियम, 1973 के प्रावधानों का हवाला देते हुए निदेशालय ने चेतावनी दी कि अनुपालन न करने पर मान्यता रद्द करने या विद्यालय प्रबंधन का अधिग्रहण सहित गंभीर कार्रवाई की जा सकती है। शिक्षा विभाग ने कहा कि इस उपाय का उद्देश्य शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित करना और अभिभावकों, विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वर्ग के अभिभावकों के हितों की रक्षा करना है।

## मुंबई में हिट-एंड-रन : टेंपों ने तीन मजदूरों को कुचला, ड्राइवर फरार

मुंबई ,(आरएनएस)। मुंबई के पवई इलाके से एक दर्दनाक हिट एंड रन का मामला सामने आया है। एक तेज रफ्तार टेंपों ने सड़क के किनारे काम कर रहे कई मजदूरों को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस घटना में तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए हैं। सभी घायलों को एक नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना मोरारजी नगर में हुई, जहां मुंबई नगर निगम की ओर से नियुक्त एक ठेकेदार ने सीवर सफाई के काम के लिए मजदूरों की एक टीम तैनात की थी। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि जब मजदूर सफाई के काम में लगे हुए थे।



दक्षिण 24 परगना ज़िले के मगराहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए दोबारा मतदान के दौरान मतदाता अपना वोट डालने के लिए कतार में खड़े हैं। चुनाव आयोग ने चुनावी धांधली की रिपोर्ट मिलने के बाद दोबारा मतदान का आदेश दिया था।

## 50 प्रतिशत से अधिक एलपीजी होती है आयात, वैश्विक कारणों से बढ़ी कमर्शियल एलपीजी की कीमतें : प्रहलाद जोशी



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 993 रुपए की बढ़ोतरी पर शनिवार को कहा कि यह बढ़ोतरी वैश्विक कारणों से हुई है और भारत की 50 प्रतिशत से अधिक एलपीजी की निर्भरता आयात पर है। पत्रकारों से बात करते हुए प्रह्लाद जोशी ने कहा, यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है और हमारी 50 प्रतिशत से अधिक एलपीजी की निर्भरता आयात पर है और इसी वजह से फिलहाल हम मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद सरकार ने मुख्य ईंधनों की कीमतों में स्थिरता बनाए रखी है और बताया कि केंद्र सरकार ने अब तक घरेलू एलपीजी, पेट्रोल, डीजल और पाइप वाली प्राकृतिक गैस की दरें अपरिवर्तित रखी हैं। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की कीमतें वैसी ही रखी हैं, और यहां तक कि एलएनजी (पाइप वाली प्राकृतिक गैस) की कीमतें भी वैसी ही हैं लेकिन यह एक ऐसी चीज है जिसे टाला नहीं जा सकता था, इसलिए ऐसा हुआ। कमर्शियल एलपीजी (19 किलोग्राम का सिलेंडर) की कीमत में औसतन 993 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में, कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 3,071.50 रुपए हो गई है, जो पहले 2,078.50 रुपए थी। मुंबई में, कीमतें 2,031 रुपए से बढ़कर 3,024 रुपए हो गई हैं। 28 फरवरी के बाद से कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में यह तीसरी बढ़ोतरी है, जब ईरान संघर्ष बढ़ गया था।

## H5N1 वायरस का कहर! 40 मोरों की हो गई मौत, नॉनवेज खाने को लेकर प्रशासन ने दी ये सलाह



तुमकुर (ए.)। कर्नाटक के तुमकुर जिले में H5N1 वायरस का कहर देखने को मिला है। यहां H5N1 वायरस की वजह से लगभग 40 मोरों की मौत हो गई है। डिप्टी कमिश्नर सुभा कल्याण ने इसकी पुष्टि की है। जिला प्रशासन के मुताबिक, इन्फेक्शन के केंद्र से 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाला इलाका कंटेनमेंट जोन घोषित हो गया है। वायरस को फैलने से रोकने के लिए लगातार कोशिश की जा रही है। डिप्टी कमिश्नर सुभा कल्याण ने लोगों को अपील की है कि वे सिर्फ अच्छी प्रकार से पका हुआ और उबला मांस ही खाएं। उन्होंने ये भी कहा कि तुमकुर जिले में जंगली पक्षियों, और उसमें भी खासकर मोरों की मौत की खबर मिलने के बाद उनके सैंपल्स को जांच के लिए भेजा गया था, जिसमें H5N1 वायरस होने की पुष्टि हो गई। कर्नाटक सरकार की तरफ से दिशा-निर्देश मिलने के बाद गहनता से निगरानी कर रहे हैं और रैपिड रिस्पॉन्स टीमें यहां लगातार सर्विलांस करने में जुटी हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने इस इलाके में लगभग 31 पोल्ट्री दुकानों और 10 फार्म के होने की पहचान की है। आज मृत मिले पक्षियों के सैंपल्स को भी जांच के लिए भेज दिया गया। हालांकि, अधिकारियों ने ये भी बताया है कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन सावधानी बरतनी होगी। इससे पहले मार्च महीने में बिलासपुर में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई थी और उसके बाद उस स्थान के 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी पोल्ट्री उत्पादों की सेल पर रोक लगा दी गई थी। यहां एक फार्म में लगभग 5 हजार 500 मुर्गियों की मौत हो गई थी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, एवियन इन्फ्लुएंजा A (HzNv) ऐसा वायरस है जो प्रमुख रूप से पक्षियों को संक्रमित कर देता है, लेकिन दुर्लभ केस में यह इंसानों में भी इन्फेक्शन फैला सकता है। इसकी शुरुआत 1996 में हुई थी और वर्ष 2020 के बाद से इसी का एक वेरिएंट, एशिया, यूरोप और अफ्रीका के कई देशों में बड़े पैमाने पर पक्षियों की मौत की वजह बना।

## बेटी पर बुरी नजर से तंग आई मां, लिव-इन पार्टनर की उसी के तमंचे से गोली मारकर हत्या, जंगल में मिली लाश

बिजनौर ,(आरएनएस)। बिजनौर में एक सनसनीखेज हत्या का खुलासा हुआ है, जहां एक महिला ने अपने लिव-इन पार्टनर की उसी के तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार महिला ने पूछताछ में बताया कि आरोपी उसे लगातार प्रताड़ित करता था और उसकी नौ साल की बेटी पर भी गलत नजर रखता था, जिससे तंग आकर उसने यह कदम उठाया। नगीना देहात थाना क्षेत्र के जुलाहापुर गांव के जंगल में 28 अप्रैल को अनुज (25) पुत्र विनय का शव मिला था। उसके सिर में गोली लगी हुई थी। इस मामले में मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने शोभा और उसके पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था और जांच शुरू की थी।पुलिस पूछताछ में शोभा ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2011 में किरतपुर थाना क्षेत्र के भनेड़ा गांव निवासी सत्येंद्र से हुई थी और उसकी नौ साल की एक बेटी है।

## लस्सी बनाते समय पानी के साथ पेशाब मिलाई, जमकर हुआ हंगामा



मेडक (ए.)। तेलंगाना के मेडक जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवक पर आरोप है कि उसने लस्सी बनाते समय पानी के साथ पेशाब भी मिलाई। इन आरोपों के सामने आने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने जमकर हंगामा काटा। तेलंगाना के मेडक जिले के नरसपुर में लस्सी में यूरिन मिलाने के आरोपों से हंगामा हो गया। मेडक जिले के नरसापुर शहर में हुई एक घटना से लोगों में भारी गुस्सा फैल गया। आरोप लगे हैं कि लस्सी बेचने वाला लस्सी बनाते समय उसमें पानी के साथ यूरिन भी मिला रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, मुख्य सड़क पर स्थित एक लस्सी जूस पॉइंट पर काम करने वाले एक लड़के को कथित तौर पर लस्सी बनाते समय उसमें यूरिन मिलाते हुए देखा गया। इससे जनता में गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने दुकान का घेराव कर दिया। इस हंगामे के दौरान, दुकान के मालिक ने कथित तौर पर उस लड़के को वहां से भगा दिया। जब मालिक ने दुकान बंद करके वहां से निकलने की कोशिश की, तो स्थानीय लोगों से उसकी बहस हो गई, जिससे कुछ समय के लिए वहां तनावपूर्ण स्थिति बन गई। निवासियों ने मांग की है कि अधिकारी ऐसी दुकानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और यह सुनिश्चित करें कि वहां साफ-सफाई और सुरक्षा के उचित मानकों का पालन किया जाए।

## सुप्रीम कोर्ट ने टीएमसी की याचिका खारिज की, कपिल सिब्बल ने रखी दलील लेकिन नहीं मिल पाई राहत



नई दिल्ली (ए.)। तृणमूल कांग्रेस की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। कपिल सिब्बल ने टीएमसी का पक्ष कोर्ट में रखा लेकिन टीएमसी को राहत नहीं मिल सकी और टीएमसी की याचिका खारिज कर दी गई। कपिल सिब्बल ने कहा, इलेक्शन कमीशन एकतरफा फैसले नहीं ले सकता। उन्होंने कहा, हमें आशंका है कि ACEO के आदेश से काउंटिंग में गड़बड़ी होगी। टीएमसी ने कहा कि काउंटिंग सुपरवाइजर के तौर पर राज्य कर्मचारियों की नियुक्ति क्यों नहीं की जा रही है? संविधान के अनुच्छेद 324 की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। चुनाव आयोग मनमानी कर रहा है। चुनाव आयोग राज्य के कर्मचारियों की नीयत पर सवाल खड़े कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप ऐसे आरोप नहीं लगा सकते। राज्य के कर्मचारी हो या केंद्र के, सभी चुनाव आयोग के तहत काम कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसा नहीं कि वहां सिर्फ काउंटिंग सुपरवाइजर होंगे। इसके अलावा प्रत्याशियों के प्रतिनिधि होंगे। अन्य अधिकारी होंगें। किसी तरह की आशंका का कोई आधार नहीं बनता।

## भाजपा में शामिल हुए संदीप पाठक पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार, पंजाब में 2 एफआईआर दर्ज



चंडीगढ़ (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी से भाजपा में विलय करने के बाद राज्यसभा सांसदों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पंजाब में इन सांसदों के खिलाफ लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। राघव चड्ढा के साथ भाजपा में जाने वाले सांसद संदीप पाठक के खिलाफ भी पंजाब सरकार एक्शन में है। उनके खिलाफ 2 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें गैर-जमानती धाराओं को भी शामिल किया गया है। सूत्रों का कहना है कि यह कार्रवाई आप से भाजपा में जाते ही शुरू हो गई थी। सूत्रों के अनुसार, ये एफआईआर पंजाब के दो जिलों में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और भ्रष्टाचार के मामलों में दर्ज की गई हैं। अब उनपर गिरफ्तारी का खतरा मंडरा रहा है। गौरतलब है कि पंजाब पुलिस की एक टीम संदीप पाठक के नई दिल्ली स्थित आवास पर भी पहुंची थी, लेकिन अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही वह घर से निकल गए। इससे पहले पंजाब से राज्यसभा सांसद राजिंदर गुप्ता की ट्राइडेंट ग्रुप की फैक्ट्री पर पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की रेड हुई थी। इस दौरान प्लांट और आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से चेकिंग की गई थी। संदीप पाठक को आप के प्रमुख रणनीतिकारों में गिना जाता था। पंजाब में पार्टी की सरकार बनने में उनकी अहम भूमिका मानी जाती है। बीते 24 अप्रैल आप सांसद राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर पार्टी छोड़ने की घोषणा की थी। इनके अलावा हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, विक्रम साहनी और राजिंदर गुप्ता भी भाजपा में शामिल हुए। राज्यसभा सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सभापति ने इन 7 बागी सांसदों को भाजपा में शामिल होने की मान्यता दे दी है। इसके साथ ही उच्च सदन में भाजपा सांसदों की संख्या बढ़कर 113 हो गई है।

## देश को मिलेंगी हाइपरसोनिक ग्लाइड और हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल, विकसित करने में जुटा भारत, जानें दोनों में अंतर



नई दिल्ली (ए.)। भारत के रक्षा क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ने वाली है। DRDO के चेयरमैन समीर वी कामत ने हालही में एक बड़ी बात कही है। उन्होंने ANI National Security Summit में कहा है कि भारत हाइपरसोनिक ग्लाइड और हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणालियों पर काम कर रहा है, जिनमें से ग्लाइड मिसाइल, विकास के मामले में आगे है। उन्होंने कहा, हाइपरसोनिक मिसाइलों के संबंध में, हम दो कार्यक्रमों पर काम कर रहे हैं हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल और हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल। कामत ने कहा, हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल में स्क्रैमजेट इंजन होता है और उड़ान के दौरान इसे ऊर्जा मिलती है। वहीं हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल को शुरुआती रफ्तार देने के लिए बूस्टर का उपयोग किया जाता है और फिर यह बिना किसी ऊर्जा के ग्लाइड करती है। कामत ने इस बात के संकेत दिए हैं कि ग्लाइड मिसाइल का परीक्षण जल्द ही शुरू किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ग्लाइड मिसाइल पहले आएगी। हमें जल्द ही पहले परीक्षण करने चाहिए और यह क्रूज मिसाइल की तुलना में अधिक उन्नत चरण में है। हालही में कामत ने ये भी बताया था कि DRDO, अग्नि 6 के लिए तैयार है, बस केंद्र की मंजूरी का इंतजार है। अग्नि-VI बैलिस्टिक मिसाइल के विकास पर, कामत ने कहा कि यह कार्यक्रम सरकार के निर्णय पर निर्भर करता है, और उन्होंने कहा कि मंजूरी मिलते ही एजेंसी आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## सत्ताधारी पार्टी के चर्चित नारी वंदना नारे का उनकी महिला-विरोधी विचारधारा का पर्दाफाश : राहुल गांधी



गांधीनगर (ए.)। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भाजपा पर जमकर हमला बोला और गुजरात अध्यक्ष द्वारा कांग्रेस सांसद जेनिबन ठाकोर के खिलाफ कथित तौर पर की गई अभद्र टिप्पणी के बाद पार्टी पर विकृत मानसिकता का आरोप लगाया। गांधी ने ट्विटर पर एक पोस्ट में दावा किया कि इस घटना ने सत्ताधारी पार्टी के चर्चित नारी वंदना नारे का पर्दाफाश कर दिया है और उनकी महिला-विरोधी विचारधारा को उजागर कर दिया है। गांधी ने भाजपा द्वारा महिलाओं तक पहुंचने के प्रयासों की ईमानदारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनका सम्मान सशर्त है और जैसे ही कोई महिला उनकी सत्ता को चुनौती देती है, वह सम्मान गायब हो जाता है। गांधी ने कहा कि नारी वंदना का मुखौटा उतर गया है। यह न केवल शर्मनाक है, बल्कि भाजपा की नारीवादी विचारधारा का असली चेहरा है। सत्ता को चुनौती देने वाली महिलाएं उनके लिए असहनीय हैं। प्रधानमंत्री के अपने ही बयान से तुलना करते हुए गांधी ने नरेंद्र मोदी को महिलाओं की स्मृति और गरिमा के संबंध में उनके पूर्व बयानों की याद दिलाई। गांधी ने प्रधानमंत्री के उन्हीं शब्दों का विशेष रूप से उल्लेख किया कि एक महिला सब कुछ भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान कभी नहीं भूलती। उन्होंने भाजपा पर इस भावना को स्वयं भूल जाने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री महिला कांग्रेस सांसदों के कठिन सवालों से बचने के लिए घबराकर संसद से भाग गए। अपने बयान के समापन में उन्होंने चुनावी और सामाजिक परिणामों की कड़ी चेतावनी दी। गांधी ने जोर देकर कहा कि गुजरात की एक प्रमुख नेता, जेनीबेन ठाकोर, जिन्होंने भाजपा की लहर के बावजूद अपनी सीट जीती थी, के अपमान को मतदाता नहीं भूलेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि महिला विरोधी भाजपा को यह याद रखना चाहिए कि गुजरात की महिलाएं, साथ ही पूरे हिंदुस्तान की महिलाएं, हर अपमान का मुंहतोड़ जवाब देंगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा ने पालनपुर के चडोतर में आयोजित विजय विश्वास सम्मेलन में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गेनीबेन ठाकोर के खिलाफ विवादित टिप्पणी की।

## पंजाब विधानसभा में पंजाब जेल एवं सुधार सेवाएं बिल, 2026 सर्वसम्मति से पारित



चंडीगढ़,(आरएनएस)। पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र दौरान 'पंजाब जेल एवं सुधार सेवाएं बिल, 2026' को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया जिसका उद्देश्य जेल प्रशासन प्रणाली को आधुनिक बनाना और इसे आधुनिक सुधारात्मक प्रथाओं के अनुरूप ढालना है। विधेयक पेश करते हुए मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने कहा कि प्रस्तावित कानून का उद्देश्य जेलों को केवल हिरासत केंद्रों तक सीमित रखने के बजाय उन्हें सुधार, पुनर्वास और सामाजिक पुन:एकीकरण के केंद्रों में परिवर्तित करना है। उन्होंने जोर दिया कि वर्तमान कानूनी ढांचा, जो औपनिवेशिक काल के कानूनों पर आधारित है, अब पुराना हो चुका है और वर्तमान चुनौतियों से निपटने में अपर्याप्त है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नया विधेयक कैदियों की सुरक्षित हिरासत सुनिश्चित करने के साथ-साथ एक मानवीय दृष्टिकोण पर आधारित व्यापक ढांचा प्रदान करेगा, जो कैदियों की गरिमा और उनके मूल अधिकारों की रक्षा करेगा। यह सुधारात्मक सेवाओं पर विशेष जोर देता है, जिसमें शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास और मनोवैज्ञानिक परामर्श शामिल हैं, ताकि कैदियों को कानून का पालन करने वाले नागरिकों के रूप में समाज में पुन: स्थापित किया जा सके। डॉ. सिंह ने बताया कि बिल में आयु, लिंग, आपराधिक पृष्ठभूमि और जोखिम मूल्यांकन जैसे कारकों के आधार पर कैदियों के वर्गीकरण की एक मजबूत प्रणाली प्रस्तावित की गयी है। संवेदनशील वर्गों, जैसे महिला कैदी, ट्रांसजेंडर कैदी, बुजुर्ग कैदी और दिव्यांग कैदी, के लिए विशेष प्रावधान शामिल किये गये हैं, जिससे उनकी सुरक्षा, गरिमा और कल्याण सुनिश्चित हो सके।




सूरत में वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन (दक्षिण गुजरात) के समापन सत्र के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, गुजरात के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री हर्ष संघवी तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा के साथ।

## दिल्ली के ग्रीन पार्क में जज ने लगाई फांसी, बाथरूम में मिला शव



नई दिल्ली (ए.)। दक्षिणी दिल्ली के ग्रीन पार्क इलाके में शनिवार को एक जज ने आत्महत्या कर ली. 30 वर्षीय अमन कुमार शर्मा कड़कड़डूमा अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के रूप में कार्यरत थे. वे अपने घर में मृत पाए गए. शुरुआती जानकारी के अनुसार उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या की. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई. सफदरजंग एन्क्लेव थाना पुलिस को डीडी नंबर 34 के तहत एक पीसीआर कॉल मिली. सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत ग्रीन पार्क मेन स्थित यू-4ए, प्रथम तल पर पहुंची. जांच के दौरान पता चला कि अमन कुमार शर्मा अपने घर के बाथरूम में मृत अवस्था में मिले. बाहर से चढ़कर बाथरूम की खिड़की का शीशा तोड़ा गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घटना की जानकारी मृतक के जीजा शिवम ने पुलिस को दी, जो डिफेंस कॉलोनी में रहते हैं. पुलिस ने शुरुआती जांच में किसी तरह की साजिश या बाहरी हस्तक्षेप के संकेत नहीं पाए हैं. हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से गंभीरता से जांच की जा रही है. आत्महत्या के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है. इसके लिए पुलिस परिजनों, दोस्तों और करीबी सहयोगियों से पूछताछ कर रही है. मृतक के रिश्तेदार राजेश शर्मा ने बताया कि अमन शर्मा ने रात 10 बजे अपने पिता को फोन किया था और बोला था मै बहुत परेशान हूं, मेरा जीना मुश्किल हो गया है. पिता ने अमन का हौंसला बढ़ाया और पूछा बेटा क्या हुआ? रात में ही पिता अलवर से दिल्ली के लिए निकल गए और 12 बजे पहुंच गए थे. यहां आने पर मालूम चला कि अमन का पत्नी से कुछ विवाद चल रहा था, अमन ने कहा मुझे 2 महीने से बहुत परेशान कर रखा है. अमन की पत्नी भी ज्यूडिशियल ऑफिसर हैं, पत्नी की बहन IAS अधिकारी हैं और जम्मू में पोस्टेड हैं. पिता के अनुसार, अमन ने बताया कि निधि ही मालिक है, उनका बहुत कंट्रोल है घर में. घर में सब उनकी चलती है. पिता ने अमन को समझाने की कोशिश की. पिता ने बताया, बहु ने कहा कि अगर आप यहां से नहीं जाओगे तो मैं पुलिस बुला लूंगी आपको बंद करवा दूंगी. खैर पिता रात को रुके, पिता ने अमन की पत्नी के माता पिता को संपर्क करने की कोशिश की तो उन्होंने नंबर ब्लॉक कर दिया।

## फिल्म के लिए बनाई जा रही सिनेमाई दुनिया पूरी तरह फ्रेश : रुक्मिणी वसंत

मुंबई (ए.)। हाल ही में अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत ने ब्लॉकबस्टर फिल्म कांतारा  ए लेजेंड चैप्टर 1 के भव्य पैमाने और इसकी अनोखी दुनिया के बारे में खुलकर बात की। रुक्मिणी वसंत ने बताया कि फिल्म का स्केल इतना बड़ा और प्रभावशाली है कि उन्होंने अपने करियर में पहले कभी ऐसा कुछ अनुभव नहीं किया। उन्होंने कहा,  इसका स्केल निश्चित रूप से ऐसा है जैसा मैंने अब तक कभी नहीं देखा। फिल्म के लिए बनाई जा रही सिनेमाई दुनिया पूरी तरह फ्रेश और बेहद भव्य है। रुक्मिणी ने आगे



कहा कि वह निर्देशक गीतू मोहनदास और अभिनेता यश द्वारा तैयार की जा रही इस नई दुनिया को देखकर बहुत खुश और रोमांचित हैं। अभिनेत्री ने बताया, मुझे लगता है कि हमारी डायरेक्टर गीतू मोहनदास और यश जो फिल्म तैयार कर रहे हैं, वह इतनी विशाल और नई है कि यह मुझे सचमुच कुछ अनोखा और अलग लगता है। मैं इस फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे यह देखने के लिए भी उत्सुकता है कि दर्शक इस नई दुनिया पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं।


यह टिप्पणी फिल्म की मौलिकता और उसके बड़े पैमाने पर निर्माण की ओर इशारा करती है, जिससे यह एक असाधारण सिनेमाई अनुभव होने की उम्मीद बढ़ जाती है। रुक्मिणी ने फिल्म पर बात करते हुए कहा कि वह खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हैं कि उन्हें इस प्रोजेक्ट में काम करने का मौका मिला है, जो उनके करियर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रहा है। उन्होंने बताया कि 4 जून को रिलीज होने वाली यह फिल्म उन्हें सबसे ज्यादा रोमांचित कर रही है। यह फिल्म यश और वेंकट के. नारायण की प्रोडक्शन कंपनियों केवीएन प्रोडक्शंस और मॉनस्टर माइंड क्रिएशंस के बैनर तले बन रही है, जो गुणवत्तापूर्ण सिनेमा बनाने के लिए जानी जाती हैं।

फिल्म में यश के साथ नयनतारा, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया, हुमा कुरैशी, अक्षय ओबेरॉय और सुदेव नायर जैसे कई स्थापित और प्रतिभाशाली कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं, जिससे फिल्म की कास्टिंग भी काफी दमदार लग रही है। टॉक्सिक न केवल हिंदी और तेलुगु में रिलीज होगी, बल्कि तमिल, मलयालम समेत कई अन्य भारतीय और अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में भी इसे डब किया जाएगा। यह व्यापक रिलीज रणनीति यह सुनिश्चित करेगी कि फिल्म पूरे देश के साथ-साथ विदेशों में भी दर्शकों तक पहुंच सके, जिससे इसकी पहुंच और प्रभाव और भी बढ़ जाएगा। रुक्मिणी वसंत इस फिल्म के अलावा जूनियर एनटीआर की अगली फिल्म में भी काम कर रही हैं, जो उनके करियर के लिए एक और बड़ा प्रोजेक्ट है। उनके पास कुछ अनऑनाउंस्ड प्रोजेक्ट्स भी हैं, जिनकी घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है।

# ये हम आ गए हैं कहां लोकप्रिय गाना हटा दिया था वीर-जारा से

मुंबई (ए.)। बहुत कम लोग यह जानते हैं कि दिवंगत यश चोपड़ा की फिल्म वीर-जारा का एक बेहद लोकप्रिय गाना थिएटर रिलीज से हटा दिया गया था। दिवंगत फिल्म निर्माता यश चोपड़ा का एक पुराना वीडियो फिर से सोशल मीडिया पर चर्चा में है, जिसमें उन्होंने इस चौंकाने वाले फैसले के पीछे की वजह बताई थी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस पुराने वीडियो में यश चोपड़ा मशहूर फिल्म निर्माता करण जौहर से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान करण जौहर ने फिल्म के उस गाने का जिक्र किया, जिसे दर्शकों ने बाद में बेहद पसंद किया था। उन्होंने यश चोपड़ा से पूछा, ये हम आ गए हैं कहां जैसा खूबसूरत गाना फिल्म के फाइनल प्रोडक्ट में क्यों नहीं रखा गया? इस सवाल का जवाब देते हुए यश चोपड़ा ने बड़ी ईमानदारी और पेशेवर प्रतिबद्धता के साथ बताया, मैंने इस गाने की पूरी शूटिंग की थी और शुरुआत में इसे फिल्म में उसी जगह रखा गया था, जहां इसकी जरूरत थी। लेकिन जब मैंने फिल्म को पूरी तरह देखा तो मुझे महसूस हुआ कि यह गाना कहानी की रफ्तार को प्रभावित कर रहा है।

यश चोपड़ा ने यह भी स्वीकार किया कि एक निर्देशक के तौर पर वह इस गाने से भावनात्मक रूप से



बेहद जुड़े हुए थे, क्योंकि उन्होंने इसे बहुत प्यार से फिल्माया था, लेकिन एक निर्माता के तौर पर उन्हें फिल्म की कहानी और उसके समग्र प्रभाव को प्राथमिकता देनी पड़ी। यश चोपड़ा ने आगे खुलासा किया कि इस कठिन निर्णय में उनके बेटे और जाने-माने फिल्म निर्माता आदित्य चोपड़ा ने भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, मेरे बेटे आदित्य चोपड़ा ने भी मुझे सलाह दी थी कि अगर यह गाना फिल्म में रखा गया तो दर्शकों का ध्यान कहानी से हट सकता है और फिल्म का प्रवाह बाधित हो सकता है। अपने बेटे की इस सलाह को सुनने के बाद, यश चोपड़ा ने भारी मन से इस गाने को फिल्म से हटाने का फैसला लिया। यह फैसला एक महान फिल्म निर्माता की कला और व्यावसायिक समझ के बीच संतुलन साधने की क्षमता को दर्शाता है।

हालांकि, बाद में इस खूबसूरत गाने को फिल्म के डीवीडी वर्जन में शामिल कर दिया गया, ताकि दर्शक इसे देख सकें और इसकी सुंदरता का आनंद ले सकें। वीर-जारा में शाहरुख खान और प्रीति जिंटा ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं, जिनकी केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब सराहा। फिल्म की कहानी भारत और पाकिस्तान के बीच की राजनीतिक दूरियों के बावजूद पनपे एक निस्वार्थ और अमर प्रेम को दर्शाती है, जिसने इसे आज भी एक क्लासिक बनाए रखा है। बता दें कि हिंदी सिनेमा के इतिहास में कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जो सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं रहतीं, बल्कि दर्शकों की भावनाओं और स्मृतियों का एक अविस्मरणीय हिस्सा बन जाती हैं। ऐसी ही फिल्मों में दिवंगत यश चोपड़ा की वीर-जारा शामिल है, जिसे आज भी बॉलीवुड की सबसे यादगार और दिल छू लेने वाली प्रेम कहानियों में गिना जाता है।

## रिलीज हुआ 'पति पत्नी और वो दो' का ट्रेलर, तिकड़ी में फंसे आयुष्मान खुराना



दर्शकों को कॉमेडी फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' का काफी इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है। इसमें आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, रकुल प्रीत सिंह और सारा अली खान दमदार किरदार में नजर आए हैं। पहले यह फिल्म 4 मार्च 2026 को रिलीज होने वाली थी। हालांकि मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट टाल दी थी। आइए जानते हैं कि फिल्म के ट्रेलर में क्या खास है और यह कब रिलीज होने वाली है?

**ट्रेलर में क्या है खास?**

2 मिनट 51 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि आयुष्मान खुराना एक पुलिस वाले के किरदार में नजर आते हैं। वह इतने हिम्मत वाले हैं कि एक चीते को काबू में कर लेते हैं। इसके बाद वह वामिका गब्बी, रकुल प्रीत सिंह और सारा अली खान के साथ रोमांस करते हुए नजर आते हैं।

**ट्रेलर में ट्विस्ट**

ट्रेलर में आगे दिखाया गया है कि आयुष्मान खुराना, रकुल प्रीत सिंह के पति हैं। उनका दूसरी लड़कियों के साथ भी चक्कर है। तीनों को मैनेज करने के चक्कर में वह परेशान हो जाते हैं। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब वह अपने एक दोस्त के गाल को चूम लेते हैं।

## फातिमा सना शेख के लिए दुनिया का सबसे बेहतरीन ट्रैवल पार्टनर है बिजली



मुंबई (ए.)। अभिनेत्री फातिमा सना शेख अपनी बेहतरीन अदाकारी के साथ-साथ घूमने-फिरने का भी काफी शौक रखती हैं। जब भी उन्हें फिल्मों की शूटिंग से फुर्सत मिलती है, तो वह अपना बैग पैक करके किसी नई जगह की सैर पर निकल जाती हैं। हाल ही में फातिमा ने अपने वेकेशन की कुछ बेहद दिलचस्प तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं, जिनसे पता चला कि इस बार वह अकेले नहीं बल्कि एक खास साथी के साथ यात्रा पर निकली थीं। इन तस्वीरों में फातिमा के साथ उनका प्यारा पालतू जानवर, बिजली भी नजर आ रहा है। फातिमा ने इस पोस्ट के जरिए अपनी पूरी ट्रिप को बिजली को समर्पित किया, जो उनके और उनके पेट के बीच के गहरे प्यार और जुड़ाव को दर्शाता है।

तस्वीरों में फातिमा अपनी दोस्त बिजली के साथ बोट राइड का आनंद लेती और प्रकृति के सुंदर नजारों के बीच सुकून के पल बिताती दिख रही हैं। उनकी मुस्कान और बिजली के साथ का सहज अंदाज यह बता रहा है कि वह इस यात्रा को कितना एन्जॉय कर रही थीं। फातिमा ने न केवल प्राकृतिक खूबसूरती को कैमरे में कैद किया, बल्कि वहां के स्वादिष्ट व्यंजनों की झलक भी प्रशंसकों के साथ साझा की, जिसमें वह पूरी तरह रिलैक्स और खुश नजर आ रही थीं।

## शादी से पहले जेनेलिया ने रख दी थी ये बड़ी शर्त, रितेश देशमुख ने खास अंदाज में की पूरी; सुनाया किस्सा



रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा अपनी नई रिलीज हुई फिल्म 'राजा शिवाजी' को लेकर चर्चा में हैं। 2012 में अपनी शादी के बाद से ही दोनों एक दूसरे से अच्छा रिश्ता बनाए हुए हैं। दोनों की शादी की खास बात यह है कि जब उनकी शादी होने वाली थी तब उनका प्रपोजल नहीं हुआ था।

**क्या रितेश ने जेनेलिया को प्रपोज किया था?**

रितेश देशमुख ने 'मैशेबल इंडिया' से बातचीत में बताया 'मैंने जेनेलिया से कहा कि शादी तो तय हो ही गई है। इस पर जेनेलिया ने कहा, 'जब तक तुम मुझे प्रपोज नहीं करोगे, तब तक मैं मंडप में नहीं आऊंगी।

**जेनेलिया को प्रपोजल चाहिए था**

जेनेलिया ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'हमें खुद भी नहीं पता कि हम रिलेशनशिप में कैसे आ गए। न कोई प्रपोजल था, न ही किसी ने डेट पर चलने के लिए पूछा था। लेकिन मुझे अपने बच्चों को सुनाने के लिए कहानियां चाहिए थीं। मुझे एक 'प्रपोजल' चाहिए था।'

**पांच दिन पहले हुआ खास मामला**

रितेश देशमुख ने बताया, 'यह हमारी शादी से लगभग 5 दिन पहले की बात है। मैंने कहा, 'चलो, ताज होटल चलते हैं और वहीं सब कुछ करते हैं।' उन्होंने कहा 'जरा ठीक-ठाक कपड़े पहन लेना।'

जेनेलिया ने कहा, 'वह आम तौर पर ऐसे नहीं हैं। रितेश तो अक्सर कहते हैं कि 'कैजुअल कपड़ों में ही आ जाओ', लेकिन अचानक उन्होंने कहा कि 'अच्छे से तैयार होकर आना।'

# भविष्य की विरासत के लिए काम करना चाहती हैं अनन्या पांडे



मुंबई (ए.)। अभिनेत्री अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी फिल्म चांद मेरा दिल को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। युवा पीढ़ी की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक अनन्या, अपने करियर और भविष्य की योजनाओं को लेकर काफी स्पष्ट और मुखर हैं। हाल ही में उन्होंने अपने पेशेवर दृष्टिकोण और आकांक्षाओं को लेकर खुलकर बात की। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट की, जिसमें उन्होंने बताया कि वह अपने करियर को किस दिशा में ले जाना चाहती हैं और किन उद्देश्यों के साथ काम कर रही हैं। अनन्या ने अपनी बातों को साझा करते हुए कहा, मुझे लगता है कि मैंने अभी तो बस शुरुआत की है, लेकिन ऐसी बहुत सी फिल्में और बेहतरीन कलाकार हैं, जिनके साथ काम करना मेरा सपना है। यह उनके असीमित उत्साह और सीखने की ललक को दर्शाता है।

अनन्या ने बताया कि उनके पास भविष्य की योजनाओं की एक लंबी लिस्ट है और वह इंडस्ट्री में बहुत कुछ हासिल करना चाहती हैं। उन्होंने अपनी बातें शेयर करते हुए कहा कि वह अब अपने करियर में एक कदम और आगे बढ़ाना चाहती हैं। अभिनेत्री का उद्देश्य अब ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनना है, जो केवल तात्कालिक सफलता ही नहीं, बल्कि लंबे समय तक दर्शकों के दिलों में बसी रहें और एक स्थायी प्रभाव छोड़ें। उन्होंने दृढ़ता से कहा, मैं कुछ ऐसा प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना चाहती हूं, जिसे हमेशा याद रखा जाए और जो मेरे बाद भी दुनिया में बना रहे। यह कथन उनकी परिपक्व सोच और कला के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाता है, जहां वह क्षणिक प्रसिद्धि से परे जाकर रचनात्मक विरासत बनाने पर जोर दे रही हैं।

अनन्या ने माना कि उम्र और अनुभव के साथ फिल्मों और अभिनय के प्रति उनका लगाव और गहरा होता जा रहा है। उन्होंने बताया, फिल्मों को अब मैं लंबे समय तक चलने के नजरिए से देख रही हूं, क्योंकि मुझे अब समझ आ रहा है कि फिल्में कितनी प्रभावशाली होती हैं और वे हमेशा के लिए अमर हो जाती हैं। मैं आज के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की विरासत के लिए काम करना चाहती हूं। यह उनकी कलात्मक यात्रा में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है, जहां वह अपनी पसंद को अधिक सोच-समझकर चुन रही हैं।

अभिनेत्री लक्ष्य लालवानी के साथ जल्द ही फिल्म चांद मेरा दिल में नजर आएंगी। यह एक कॉलेज रोमांस से शुरू होकर एक इंटेंस और ट्रैजिक लव स्टोरी में बदलती है, जो युवाओं के जुनून भरे प्यार को दर्शाती है। फिल्म की कहानी में प्यार, बलिदान और भावनाओं का एक गहरा मिश्रण देखने को मिलेगा। विवेक सोनी द्वारा निर्देशित फिल्म चांद मेरा दिल का निर्माण करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले किया गया है, जो इसकी भव्यता और गुणवत्ता का संकेत है। फिल्म में अनन्या पांडे चांदनी और लक्ष्य आरव के रूप में नजर आएंगे। चांद मेरा दिल 22 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी, और अनन्या के प्रशंसक उन्हें इस नए और गहरे किरदार में देखने के लिए उत्साहित हैं।

# नाना पाटेकर 76 की उम्र में भी युवा एक्टर्स को भी दे रहे फिटनेस में मात

मुंबई (ए.)। नाना पाटेकर, भारतीय सिनेमा के एक ऐसे दिग्गज अभिनेता हैं, जो सिर्फ अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए ही नहीं, बल्कि अब अपनी अद्भुत फिटनेस के लिए भी जाने जाते हैं। 76 साल की उम्र में भी वे अपने किसी भी युवा समकालीन को कड़ी टक्कर दे सकते हैं, और इसका हालिया सबूत सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में देखने को मिला। प्रसिद्ध फोटोग्राफ़र और प्रोड्यूसर अतुल कासबेकर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें नाना पाटेकर लगातार 15 ट्राइसेप डिप्स करते



हुए नजर आ रहे हैं और वह भी बिना किसी थकान या पसीना बहाए। अतुल द्वारा फोटो-शेयरिंग ऐप पर शेयर की गई इस क्लिप में नाना पाटेकर को टैन शॉर्ट्स और सफेद बनियान पहने देखा जा सकता है, जिसके साथ उन्होंने अपने गले में एक गमछा भी लपेटा हुआ है, जो उनके देसी अंदाज को दर्शाता है। उन्हें बिना किसी रुकावट के, पूरी सहजता के साथ ट्राइसेप डिप्स करते देखा गया, और तो और, इस कसरत के आखिर में उनके चेहरे पर एक संतुष्टि भरी मुस्कान भी थी। इस उम्र में भी फिटनेस के बड़े लक्ष्य तय करने के लिए नाना की तारीफ करते हुए, अतुल ने कैप्शन में लिखा, आ-हो नाना साहेबज्!!! आपने तो मेरे फिटनेस लक्ष्य ही बदल दिए!!! ये हैं नाना पाटेकर जी। उनकी उम्र 76 साल है। और ये उन्हें बार्स पर ट्राइसेप डिप्स करते हुए दिखाया गया है। फिल्म इंडस्ट्री के कई सदस्यों ने नाना के इस जज्बे की तारीफ की। शिल्पा शेट्टी, विनीत कुमार सिंह और राहुल देव जैसे कलाकारों ने कमेंट सेक्शन में आग और लाल दिल वाले इमोजी शेयर करके अपनी प्रशंसा जाहिर की, जिससे पता चलता है कि नाना की फिटनेस सिर्फ प्रशंसकों के बीच ही नहीं, बल्कि उद्योग में भी चर्चा का विषय बन गई है। कुछ इंस्टाग्राम यूजर्स ने नाना के मशहूर किरदार, वेलकम फ्रैंचाइजी के उदय शेट्टी का भी जिक्र किया। उन्होंने कंट्रोल उदय कंट्रोल और उदय भाई अभी भी फिट दिख रहे हैं जैसे मजेदार कमेंट्स किए, जो नाना के लोकप्रिय ऑन-स्क्रीन किरदारों और उनके वास्तविक जीवन की फिटनेस के बीच एक दिलचस्प संबंध स्थापित करते हैं। अब अगर नाना की आगामी फिल्मों की बात करें, तो वह 2025 में आने वाली हाउसफुल 5 का हिस्सा थे, जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख और अन्य कलाकार भी थे। इसके अलावा, उन्हें विशाल भारद्वाज की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म ओरोमियो में एक पुलिसवाले के किरदार में भी देखा गया था, जिसमें शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में थे। उन्होंने अनिल कपूर और राधिका मदान स्टारर फिल्म सूबेदार में भी एक कैमियो रोल किया था। नाना पाटेकर की यह ऊर्जा और काम के प्रति समर्पण वाकई प्रेरणादायक है।

## आईपीएल 2026: केएल राहुल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जड़ा 8वां अर्धशतक, बने प्लेयर ऑफ द मैच

नईदिल्ली, (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 43वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (75) खेली। यह उनके आईपीएल करियर का 43वां और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 8वां अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने 27 गेंदों पर पूरा किया। उनकी पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स को मजबूत शुरुआत मिली और वह लक्ष्य हासिल करने में सफल रही। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।राहुल और पथुम निसांका (62) की सलामी जोड़ी ने दिल्ली कैपिटल्स को 226 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक शुरुआत दिलाई। दोनों ने पावरप्ले में 70 रन जोड़े और पहले विकेट के लिए 57 गेंदों में 110 रन की साझेदारी निभाई। राहुल ने नितीश राणा (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की अहम साझेदारी निभाई। राहुल अपनी पारी में 40 गेंदों में 6 चौके और 5 छक्कों की मदद से 75 रन बनाकर आउट हुए।आईपीएल 2026 में राहुल का अब तक प्रदर्शन काफी शानदार रहा है। वह 9 मैच में 54.13 की औसत और 185.83 की स्ट्राइक रेट के साथ 433 रन बना चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 3 अर्धशतक के अलावा एक शतक भी जड़ा है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नाबाद 152 रन का रहा है। इस पारी के साथ उन्होंने अब ऑरेंज कैप पर कब्जा जमा लिया है।

## 15 साल के बच्चे से भिड़ना इस विदेशी दिग्गज को पड़ा भारी, चौका खाने के बाद निकाला था गुस्सा; अब IPL ने सिखाया सबक



नई दिल्ली (ए.)। आईपीएल 2026 के 43वें मुकाबले में शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से रौंद दिया। इस मैच में हार-जीत से ज्यादा न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन की एक हरकत ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं। जैमीसन ने 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आउट करने के बाद जिस तरह से अपना गुस्सा निकाला और उन्हें सेंड ऑफ दिया, वह अब उनके लिए गले की फांस बन गया है। सोशल मीडिया पर क्रिकेट फैंस से जमकर खरी-खोटी सुनने के बाद अब आईपीएल मैनेजमेंट ने भी इस कीवी गेंदबाज को कड़ी फटकार लगाते हुए सजा सुनाई है। हली गेंद पर चौका खाने के बाद बौखला गए थे जैमीसन यह पूरा विवाद पारी के दूसरे ओवर में देखने को मिला।

15 साल की युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने दिग्गज इंटरनेशनल गेंदबाज काइल जैमीसन का निडर होकर सामना किया और उनकी पहली ही गेंद पर शानदार चौका जड़ दिया। एक युवा बल्लेबाज से बाउंड्री खाने के बाद न्यूजीलैंड के यह पेसर बौखला गए। अगली ही गेंद पर जैमीसन ने वापसी करते हुए वैभव को क्लीन बोल्ड कर दिया। विकेट लेने के बाद जैमीसन ने खेल भावना को दरकिनार करते हुए इस 15 वर्षीय खिलाड़ी को चिढ़ाया और बेहद अजीब तरह से सेंड ऑफ दिया। इस अभद्र व्यवहार के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स जैमीसन पर बुरी तरह भड़क उठे और उनकी जमकर आलोचना की।

IPL मैनेजमेंट ने चंद घंटों में ही लिया कड़ा एक्शन मैच के दौरान की गई इस हरकत पर आईपीएल मैनेजमेंट ने बिना कोई देरी किए कड़ा एक्शन लिया। आईपीएल द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, काइल जैमीसन को युवा बल्लेबाज वैभव को आउट करके चिढ़ाने के लिए आचार संहिता के लेवल 1 का दोषी माना गया है। उन्हें आईपीएल के आर्टिकल 2.5 के उल्लंघन का आरोपी पाया गया। इस नियम के तहत किसी भी खिलाड़ी द्वारा मैदान पर ऐसे शब्द बोलना या ऐसा एक्शन करना जिससे सामने वाला खिलाड़ी भड़क सकता है, सख्त वर्जित है। इसी नियम के आधार पर जैमीसन पर आरोप सिद्ध हुए हैं।

## हैदराबाद पहुंची फाइनल में, आखिरी 6 गेंदों में 6 रन नहीं बना सका इस्लामाबाद यूनाइटेड

नईदिल्ली, (ए.)। पाकिस्तान सुपर लीग 2026 के एलिमिनेटर 2 के बेहद रोमांचक मुकाबले में हैदराबाद किंग्समैन ने इस्लामाबाद यूनाइटेड को 2 रनों से हराकर फाइनल में जगह बना ली. जहां उनका मुकाबला रविवार को पेशावर जाल्मी से होगा. बता दें कि ये हैदराबाद किंग्समैन का पहला सीजन है और वो शुरुआत के लगातार 4 मैच हारकर यहां तक पहुंचने में सफल रहे हैं।

एलिमिनेटर 2 मैच के आखिरी ओवर में जब इस्लामाबाद को जीत के लिए सिर्फ 6 रनों की जरूरत थी. तब हुनैन शाह ने कमाल की गेंदबाजी की और एक हारे हुए मैच में केवल 3 रन देकर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचा दिया. उससे पहले 19वें ओवर में इस्लामाबाद ने 22 रन बटोरकर मचै को अपनी तरफ खींच लिया था, लेकिन जीत का स्वाद हैदराबाद ने चखा।

हैदराबाद किंग्समैन की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज हुनैन शाह को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया. उन्होंने 4 ओवरों में 37 रन देकर 2 विकेट लिए. जिसमें उनका आखिरी ओवर सबसे शानदार रहा. नीचे आखिरी ओवर का वीडियो देख सकते हैं।

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में हैदराबाद किंग्समैन के खिलाफ टॉस जीतकर इस्लामाबाद यूनाइटेड ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए, हैदराबाद किंग्समैन ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 186 रन बनाए।

## आईसीसी की सालाना टीम रैंकिंग: टेस्ट में भारत तीसरे स्थान पर पहुंचा, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर बरकरार

नईदिल्ली, (ए.)। (आईसीसी) इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने सालाना टेस्ट टीम रैंकिंग की घोषणा की है, जिसमें भारतीय क्रिकेट टीम को फायदा हुआ है। टेस्ट प्रारूप में भारतीय टीम तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम पहले स्थान पर मौजूद है। बता दें कि पिछले साल भी टेस्ट में कंगारू टीम शीर्ष पर मौजूद थी। आइए पूरी रैंकिंग पर नजर डालते हैं। मई 2025 में घोषित हुई सालाना टीम रैंकिंग में भारतीय टेस्ट टीम चौथे स्थान पर थी। ऐसे में इस साल जारी हुई रैंकिंग में भारत को एक पायदान का फायदा हुआ है। शुभमन गिल के नेतृत्व वाली टेस्ट टीम के अब 104 अंक है। दूसरे स्थान पर काबिज दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के अब 109 अंक है। वहीं, अपना दबदबा स्थापित करने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के अब 131 अंक है।

टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड चौथे, न्यूजीलैंड पांचवें और पाकिस्तान छठे स्थान पर मौजूद है। पाकिस्तान को पिछले साल की तुलना में एक पायदान का फायदा हुआ है, जबकि इंग्लैंड को एक पायदान का नुकसान हुआ है। इसके बाद अगले 3 स्थानों पर क्रमश: श्रीलंका, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश की टीमें हैं। आईसीसी द्वारा जारी रैंकिंग में आयरलैंड 10वें, जिम्बाब्वे 11वें और अफगानिस्तान 12वें स्थान पर मौजूद है।

सालाना रैंकिंग अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए सभी मैचों को पूरा वेटेज (100 प्रतिशत) दिया जाता है, जबकि पिछले 2 सालों के नतीजों को 50 प्रतिशत वेटेज दिया जाता है।

# एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारियों में लगी हैं मनु



नई दिल्ली (ए.)। ओलंपिक पदक विजेता महिला निशानेबाज मनु आजकल एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारियों में लगी हैं। मनु का लक्ष्य इन टूर्नामेंटों में बेहतर प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक क्वालिफिकेशन चक्र के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना है। मनु का कहना है कि अभी उनका ध्यान अपना फॉर्म बनाये रखते हुए बेहतर प्रदर्शन करने पर है। मनु ने दृढ़ता से कहा, इस साल एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट्स हमारे सामने हैं, और हम इन दोनों बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने कोच के साथ बैठकें की हैं और आगामी टूर्नामेंट्स तथा अपनी तैयारी की एक संपूर्ण और सुनियोजित रूपरेखा तैयार कर ली है। इससे ये साफ है कि उनकी रणनीति केवल तात्कालिक सफलता पर नहीं, बल्कि एक लंबी अवधि की योजना का हिस्सा है।उन्होंने पिछले साल 10 मीटर एयर पिस्टल में वर्ल्ड कप रजत पदक जीता और इस साल भी 25 मीटर पिस्टल में एशियन चैंपियनशिप में रजत हासिल किया। अब उनका लक्ष्य एक बार फिर अपनी पुरानी, शीर्ष स्तरीय लय हासिल करना है, जो उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक निर्विवाद मजबूत दावेदार बनाएगी। यह वापसी केवल उनके लिए नहीं, बल्कि भारतीय शूटिंग जगत के लिए भी प्रेरणा का स्रोत होगी।2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का क्वालिफिकेशन चक्र भी इसी साल से शुरू हो रहा है, और मनु भाकर इस पर भी अपनी पैनी निगाहें जमाए हुए हैं। उनका मानना है कि एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसे बड़े आयोजनों में किया गया दमदार प्रदर्शन न केवल उन्हें वर्तमान सत्र में सफलता दिलाएगा, बल्कि लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भी एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करेगा।खेल के साथ अपने व्यक्तिगत जुड़ाव को भी मनु ने साझा किया। उन्होंने 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स में शूटिंग की वापसी पर अपनी खुशी व्यक्त की। अपने खेल जीवन के अलावा, मनु ने अपने व्यक्तिगत जीवन में आए एक महत्वपूर्ण बदलाव का भी जिक्र किया।

## लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग ने रचा इतिहास, चीनी ताइपे को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में मारी एंट्री

होरासेंस (ए.)। पूर्व चैंपियन भारत ने चीनी ताइपे के खिलाफ 3-0 की अजेय बढ़त बनाकर थॉमस और उबर कप फाइनल 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत ने साल 2022 में 43 वर्षों में पहली बार थॉमस कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले, भारतीय पुरुष टीम 1952, 1955 और 1979 में थॉमस कप के सेमीफाइनल तक पहुंची थी।भारतीय पुरुष टीम अपने ग्रुप में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। शुक्रवार को डेनमार्क के होरसेंस में भारत ने लक्ष्य सेन की जीत के साथ अजेय बढ़त बनाई। लक्ष्य सेन ने चो टिएन चेन को 18-21, 22-20, 21-17 से हराया। पहला गेम हारने के बाद वापसी करते हुए उन्होंने 88 मिनट में यह मुकाबला अपने नाम किया।पुरुष युगल में, पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चीनी ताइपे के चियू हिसयांग चिएह और वांग ची-लिन को शिकस्त दी। उन्होंने तीन गेम के इस मुकाबले को 23-21, 19-21, 21-12 से अपने नाम किया। इसके बाद आयुष शेट्टी ने दूसरे एकल मुकाबले में लिन चुन-यी को हराकर 3-0 की बढ़त सुनिश्चित करते हुए सीधे गेम में 21-16, 21-17 से जीत हासिल की।



## दिल्ली कैपिटल्स ने अपना सबसे बड़ा रन चेज करके राजस्थान रॉयल्स को हराया

नईदिल्ली, (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 43वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने अपना सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करके राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हरा दिया।

जयपुर में खेले गए इस मैच में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 225 रन बनाए. जवाब में दिल्ली ने 19.1 ओवर में ही तीन विकेट खोकर 2026 रन बनाकर लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया।

दिल्ली की तरफ से केएल राहुल, पथुम निसांका और नीतीश राणा ने शानदार बल्लेबाजी की. राहुल ने 40 गेंद में 5 छक्के और 6 चौके की मदद से 70 रन बनाए, जबकि उनके दूसरे ओपनर साथी निसांका 33 गेंद में 62 रनों का पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 3 छक्के शामिल है। इन दोनों सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 110 रनों की साझेदारी करके दिल्ली की जीत की नींव रखी. इसके बाद राणा जी ने 17 गेंद में 3 चौका और 2 छक्के की मदद से 33 रन बनाए. आखिर में ट्रिस्टन स्टब्स 18 और आशुतोष शर्मा 25 रन बनाकर नाबाद रहे।

वहीं गेंदबाजी में इस सीजन अपना पहला मैच खेल रहे मिचेल स्टार्क ने शानदार गेंदबाजी की और 4 ओवर में 40 रन देकर 3 विकेट लिए. इसके अलावा जैमेसन, अक्षर और नटराजन को एक-एक विकेट मिला.

इससे पहले, राजस्थान रॉयल्स ने कप्तान रियान पराग के 50 गेंदों में शानदार 90 रन और आखिर में डोनोवन फरेरा के 14 गेंदों में 47 रनों की तेज पारी की बदौलत 6 विकेट पर 225 रन के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही।

# विदेश समाचार

## डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोप को दिया झटका, जर्मनी से 5,000 सैनिकों को वापस बुलाएगा अमेरिका

वाशिंगटन, (ए.)। ईरान युद्ध को लेकर अमेरिका और यूरोप में दरार बढ़ती जा रही है। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा फैसला लेते हुए जर्मनी से 5,000 अमेरिकी सैनिकों को निकालने का आदेश दिया है। अगले 6 से 12 महीने में इन सैनिकों को अमेरिका लाया जाएगा। पेंटागन ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह फैसला यूरोप में सैन्य जरूरतों और हालात की समीक्षा के बाद लिया गया है।

पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने कहा, यह निर्णय यूरोप में विभाग की सैन्य तैनाती की गहन समीक्षा और जमीनी स्तर पर मौजूद आवश्यकताओं और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जर्मनी की हालिया बयानबाजी अनुचित और मददगार नहीं रही है। अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति इन विपरीत असर डालने वाली टिप्पणियों पर बिल्कुल सही प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, जर्मनी में तैनात एक ब्रिगेड कॉम्बैट टीम को अमेरिका वापस बुलाने जा रहा है। इसके साथ ही एक लॉन्ग रेंज फायर बटालियन भी जर्मनी में तैनात नहीं की जाएगी। इसे बाइडन प्रशासन ने इस साल के अंत में जर्मनी में तैनात करने की योजना बनाई थी। इस कटौती से यूरोप में अमेरिकी सैनिकों की संख्या 2022 से पहले के स्तर पर वापस आ जाएगी। 2024 में जर्मनी में अमेरिका के 35,000 से ज्यादा सैनिक थे।

हाल ही में ट्रंप ने कहा था कि जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज को नहीं पता है कि वह क्या कह रहे हैं। इससे पहले मर्ज ने कहा था कि ईरानी इस युद्ध में अमेरिका को अपमानित कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा था, मर्ज को लगता है कि ईरान के पास परमाणु हथियार होना ठीक है। उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है! अगर ईरान के पास परमाणु हथियार होता, तो पूरी दुनिया बंधक बन जाती।

## इजरायल ने यूएई की सुरक्षा के लिए तैनात की अपनी सबसे उन्नत लेजर रक्षा प्रणाली



तेल अवीव,(ए.)। मध्य पूर्व के बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कूटनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। इजरायल ने ईरान के संभावित मिसाइल और ड्रोन हमलों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए अपनी सबसे आधुनिक लेजर-आधारित वायु रक्षा प्रणाली आयरन बीम को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में तैनात कर दिया है। साल 2020 में हुए अब्राहम एकॉर्ड्स के बाद दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग का यह अब तक का सबसे बड़ा और अभूतपूर्व उदाहरण है। इस कदम की खास बात यह है कि इजरायल ने न केवल अपने अत्याधुनिक हथियार बल्कि उन्हें संचालित करने के लिए अपने सैन्य कर्मियों को भी पहली बार किसी अरब देश की धरती पर उतारा है।

इजरायल द्वारा यूएई को दिए गए इस सुरक्षा कवच में तीन प्रमुख तकनीकें शामिल हैं। सबसे महत्वपूर्ण आयरन बीम है, जो एक हाई-एनर्जी लेजर हथियार है। यह प्रणाली कम दूरी के रॉकेट, आर्टिलरी और ड्रोन्स को महज 4 से 5 सेकंड में लेजर बीम से जलाकर नष्ट कर देती है। इसके साथ ही, दुनिया की सबसे भरोसेमंद रक्षा प्रणाली आयरन डोम और स्पेक्ट्रो सिस्टम भी तैनात किए गए हैं। स्पेक्ट्रो सिस्टम एक उन्नत निगरानी प्रणाली है जो शाहेद जैसे छोटे ईरानी ड्रोन्स को 20 किलोमीटर दूर से ही रडार पर पकड़ने में सक्षम है। इस रक्षा समझौते का सबसे चौंकाने वाला पहलू इजरायली सैनिकों की मौजूदगी है। रिपोर्टों के अनुसार, केवल हथियारों का निर्यात नहीं किया गया है, बल्कि इन प्रणालियों के संचालन के लिए दर्जनों इजरायली सैन्य कर्मी यूएई में मौजूद हैं। यह बड़े पैमाने पर बूट्स ऑन द ग्राउंड की स्थिति है। इसके अतिरिक्त, इजरायल अब पश्चिमी ईरान से होने वाले मिसाइल लॉन्च की रियल-टाइम खुफिया जानकारी भी यूएई के साथ साझा कर रहा है।बताया जा रहा है कि ईरान द्वारा हाल के समय में किए गए भारी मिसाइल और ड्रोन हमलों को देखते हुए इजरायल ने आनन-फानन में अपने वे हथियार भी भेज दिए जो अभी प्रोटोटाइप चरण में थे। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि दशकों की कड़वाहट के बाद इजरायल का अपनी सबसे संवेदनशील तकनीक एक अरब देश को देना गहरे भरोसे को दर्शाता है।

## बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप: चार और बच्चों की मौत, मरने वालों का आंकड़ा 280

ढाका, (ए.)। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने घोषणा की है कि खसरे के लक्षणों के कारण चार और बच्चों की मौत हो गई है. इसके साथ ही 15 मार्च से अब तक मरने वालों की संख्या 280 हो गई है, क्योंकि देश अभी भी इस बीमारी से जूझ रहा है.डीजीएचएस के डेटा का हवाला देते हुए, स्थानीय मीडिया ने बताया कि शुक्रवार तक 24 घंटे में खसरे के 170 नए संदिग्ध मामले सामने आए, जिससे कुल संदिग्ध मामलों की संख्या 38,301 हो गई. डीजीएचएस ने इसी समय में खसरे के 115 नए कन्फर्म मामले दर्ज किए, जिससे कुल कन्फर्म इन्फेक्शन के मामलों की संख्या बढ़कर 5,146 हो गई. 15 मार्च से अब तक हुई कुल मौतों में से 49 कन्फर्म खसरे से हुई मौतें थीं, जबकि 231 मौतें कथित तौर पर संदिग्ध मामलों में हुईं.रिपोर्ट के मुताबिक, नए पहचाने गए 1,170 संदिग्ध मामलों में से 942 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि 893 को छुट्टी दे दी गई.पिछले महीने, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बांग्लादेश में चल रहे मीजल्स के प्रकोप को कंट्रोल करने के लिए तुरंत कदम उठाने को कहा था, और चेतावनी दी थी कि बेहतर निगरानी, तेज रिस्पॉन्स सिस्टम और बेहतर वैक्सीनेशन के बिना यह बीमारी फैलने की संभावना है.रिपोर्ट के मुताबिक, डब्ल्यूएचओ ने बांग्लादेशी अधिकारियों को सलाह दी है कि वे सभी नगर पालिकाओं में खसरे वाली वैक्सीन की दोनों डोज का कम से कम 95 प्रतिशत कवरेज पक्का करें, साथ ही सरकारी और प्राइवेट हेल्थकेयर सुविधाओं में संदिग्ध मामलों की जल्दी पहचान करने के लिए मजबूत एकीकृत निगरानी प्रणालियां भी बनाएं.



## ईरान में भीषण धमाका, रिवोल्यूशनरी गार्ड के 14 जवान मारे गए, युद्ध में बचे बमों में हुए विस्फोट

तेहरान (ए.) ईरानी मीडिया के अनुसार उत्तर-पश्चिमी ईरान में ऑर्डनेंस क्लीयरेंस ऑपरेशन के दौरान हुए एक धमाके में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के 14 सदस्य मारे गए और दो अन्य घायल हो गए.

सूत्रों ने बताया कि यह घटना जांजन प्रांत में हुई जब एक खास क्लीयरेंस मिशन के दौरान अचानक एक बम में धमाका हुआ. ये लोग उस यूनिट का हिस्सा थे जिसे इलाके में बचे हुए बमों को हटाने और बेअसर करने का काम सौंपा गया था, जिसके बारे में स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि इससे आम लोगों और खेती की जमीन को लगातार सुरक्षा का खतरा बना हुआ है.सूत्रों ने कहा कि बिना फटे बमों की मौजूदगी के कारण इलाके में लगभग 1,200 हेक्टेयर खेती की जमीन खतरे में है.इससे पहले गुरुवार को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि ट्रंप प्रशासन दुनिया की ऊर्जा का प्रबंधन करने की रणनीति से विघटन की ओर बढ़ चला है. ईरान अब इसके खिलाफ गठबंधन का केंद्र बन गया है. आईआरजीसी ने कहा कि विघटन प्रोजेक्ट अमेरिका ने चीन, रूस और यूरोप को कंट्रोल करने के लिए शुरू किया था. एक्स पर एक पोस्ट में आईआरजीसी ने कहा, ट्रंप प्रशासन चीन, रूस और यूरोप को कंट्रोल करने के बड़े हिस्से के तौर पर समुद्री ब्लॉकेड शुरू किया लेकिन 20 दिनों के बाद, व्हाइट हाउस में यह आकलन गहरा रहा है कि प्रोजेक्ट फेल हो गया है और तेहरान इसका केंद्र बन गया है.इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार (लोकल टाइम) को ईरान के नए प्रस्ताव पर नाराजगी जताई. इसका मकसद चल रहे झगड़े को खत्म करना है, साथ ही इस बात पर भी शक जताया कि क्या कोई आखिरी समझौता हो पाएगा. व्हाइट हाउस में रिपोर्टर्स से बात करते हुए, ट्रंप ने कहा, वे एक डील करना चाहते हैं, लेकिन मैं इससे खुश नहीं हूँ, इसलिए देखते हैं क्या होता है।

# डोनाल्ड ट्रंप ने ठुकराया ईरान का युद्धविराम प्रस्ताव, बोले- पागलों को परमाणु बम नहीं दे सकते



वाशिंगटन, (ए.)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान का नया युद्धविराम प्रस्ताव खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान ऐसी रियायतें मांग रहा है, जिन्हें वह स्वीकार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, ईरान समझौता करना चाहता है, लेकिन मैं इससे संतुष्ट नहीं हूं। दरअसल, ईरान ने 30 अप्रैल की शाम को पाकिस्तान को युद्धविराम वार्ता से जुड़ा नया प्रस्ताव सौंपा था। हालांकि, इसमें क्या शर्तें थीं, उसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

ट्रंप ने कहा, ईरान के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाई ने मध्य पूर्व को एक ऐसे ईरान से बचा लिया, जो परमाणु हथियारों से लैस होकर कभी भी हमला कर सकता था। हमने ईरान को बी2 बमवर्षकों विमानों से रोका। अगर हमने ऐसा नहीं किया होता, तो उनके पास परमाणु हथियार होते। इजरायल, मध्य पूर्व और यूरोप के टुकड़े-टुकड़े हो गए होते। हम जल्दी नहीं निकलेंगे ताकि 3 साल बाद फिर यही समस्या खड़ी हो जाए।


ट्रंप ने कहा कि ईरान के पास अब 2 ही विकल्प बचे हैं: या तो वह बातचीत करके अंतिम समझौते पर पहुंचे या फिर अमेरिका तेहरान के खिलाफ पूर्ण पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू कर दे जो उसे पूरी तरह से तबाह कर देगा। ट्रंप ने कहा, क्या हम जाकर उन्हें पूरी तरह से नष्ट कर देना चाहते हैं और उन्हें हमेशा के लिए खत्म कर देना चाहते हैं? या हम कोई समझौता करने की कोशिश करना चाहते हैं?

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि वे अमेरिका के साथ फिर से बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें धमकी भरी भाषा बंद करनी होगी। उन्होंने कहा, अगर वाशिंगटन अपने अतिवादी रवैये, धमकी भरी बयानबाजी और उकसाने वाली कार्रवाइयों को बदलता है, तो तेहरान कूटनीति के लिए खुला है। हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि ईरान की सशस्त्र सेनाएं किसी भी खतरे से देश की रक्षा करने के लिए तैयार हैं।

अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपने सहयोगियों को करीब 800 अरब रुपये के हथियार सौदों को मंजूरी दी है। इसके तहत, वायु रक्षा प्रणाली, मिसाइल और अन्य सैन्य उपकरण दिए जाएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, कतर को लगभग 37,000 करोड़ रुपये की पैट्रियट हवाई और मिसाइल रक्षा सहायता और सटीक-निर्देशित हथियार प्रणालियां मिलेंगी। वहीं, कुवैत को लगभग 23,000 करोड़ रुपये की एकीकृत युद्ध कमान प्रणाली दी जाएगी। इजराइल और यूएई को एडवांस्ड प्रिसिजन किल वेपन सिस्टम दिया जाएगा।

## अमेरिकी नेवी के तीसरे जहाज में लगी आग, फिर भी ईरान के खिलाफ तैयारी में जुटे ट्रंप



वाशिंगटन,(ए.)। मिडिल ईस्ट में जारी भीषण सैन्य तनाव के बीच एक नई रहस्यमयी घटना ने दुनिया भर के रक्षा विशेषज्ञों और कूटनीतिज्ञों को चिंता में डाल दिया है। अमेरिका का अत्यंत शक्तिशाली और आधुनिक गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर, यूएसएस हिगिंस अचानक आग की चपेट में आ गया है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में तैनात यह युद्धपोत एशियाई समुद्री सीमा में मौजूद था, जब इस पर यह हादसा हुआ। हालांकि, सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने अभी तक आग लगने के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं किया है।

# भैरूंदा एसडीएम सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारियों ने किया जिले के अनेक नाव घाटों का निरीक्षण

## नाव संचालन के दौरान सुरक्षा मानकों का कढ़ाई से पालन करने के दिए निर्देश



सीहोर( निप्र) गत दिवस जबलपुर जिले के बरगी में नर्मदा नदी पर हुए क्रूज़ हादसे को दृष्टिगत रखते हुए भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह ने भैरूंदा के नर्मदा सीलकंठ नाव घाट का निरीक्षण किया। इसी प्रकार राजस्व एवं पुलिस के अधिकारियों ने कोलार डैम, आंवली घाट सहित अनेक ऐसे घाटों का निरीक्षण किया जहां नाव का संचालन होता है। अधिकारियों ने शाहगंज के बांद्राभान घाट नाविक को लाइफ जैकेट पहनाया और नाव में लाइफ जैकेट उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। आंवलीघाट पर नाविकों को नाव संचालन बंद रखने के लिए भी निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नर्मदा नदी में नाव संचालन के संबंध में ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि नाव संचालन के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नाव में निर्धारित क्षमता से अधिक लोगों का न बैठाया जाए तथा सभी यात्रियों को अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नाव संचालन से पहले नाव की तकनीकी जांच नियमित रूप से की जाए तथा अनुभवी नाविकों द्वारा ही नाव चलाई जाए। घाटों पर चेतावनी संकेतक, सुरक्षा बैरिकेडिंग एवं आवश्यक सूचना पट्ट लगाए जाए, ताकि यात्रियों को संभावित जोखिमों के प्रति जागरूक किया जा सके। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सीहोर में मेधावी बेटियों का भव्य सम्मान, शिक्षा को मिला प्रोत्साहन

### छात्रा प्रेक्षा बनवैया को भी किया सम्मानित




सीहोर (निप्र)। जिला पंचायत वार्ड 03 के अंतर्गत आज सीहोर में 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी बेटियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली बेटियों को सम्मानित कर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया गया एवं उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर छात्रा प्रेक्षा बनवैया का सम्मान किया गयाकार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखलेश राय जी (समाजसेवी) एवं विशेष अतिथि के रूप में हितेश चौधरी जी (IPS) उपस्थित रहे। इस दौरान अन्य अतिथि के रूप मे सीएसपी अभिनंदना शर्मा, अनुशा राठौर, पार्षद विशाल राठौर, डॉ. पुष्पा कन्नौजिया , कपिल परमार, यशिका सरकार, अजय ठाकुर एवं सचिन पंचाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मानित बेटियों ने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपने परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

## जिला पंचायत सीईओ ने की समावेशी शिक्षा से जुड़े कार्यों की समीक्षा

सीहोर (निप्र)। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव की अध्यक्षता में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत एपीसी, आईडी सहित सभी बीआरसीसी और एमआरसी के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ श्रीमती यादव ने समावेशी शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की तथा दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विशेष बच्चों की पहचान, स्क्रीनिंग, यूडीआईडी कार्ड, गृह आधारित शिक्षा, छात्रावास संचालन, लेप्रोसी क्योर्ड दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन, संसाधन केंद्र सुदृढ़ीकरण, उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग, नए स्कूल सहित अनेक बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही समावेशी वातावरण निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को सक्रिय बनाने एवं अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

## जिले की सभी आंगनबाड़ियों में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम आयोजित

सीहोर( निप्र)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत जिले की सभी आंगनबाड़ियों में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीहोर के गंज स्थित शासकीय स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना की हितग्राही बालिकाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी बालिका प्रियांशी चौहान ने इस योजना के लाभ के बारे में सभी को जानकारी दी। इस अवसर पर बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम में अर्जुन राठौर जी, पर्यवेक्षक सुश्री शशि राठौर, भूपेंद्र अहिरवार, संतोष राठौर सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

## कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से की उपार्जन कार्य की समीक्षा

### खरीदे गए गेहूं का करें सुरक्षित भंडारण - कलेक्टर

सीहोर( निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित कर जिले में संचालित गेहूं उपार्जन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी उपार्जन केंद्रों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों से गेहूं खरीदी का कार्य सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालित किया जाए, ताकि किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि खरीदे गए गेहूं का सुरक्षित भंडारण अत्यंत आवश्यक है, इसलिए उसे व्यवस्थित रूप से गोदाम में रखा जाए, जिससे असामयिक बारिश या अन्य प्राकृतिक कारणों से नुकसान की स्थिति उत्पन्न न हो। कलेक्टर बालागुरू ने उपार्जन केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि किसानों के लिए पर्याप्त छाया, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि स्लॉट बुकिंग के अनुसार ही किसानों से गेहूं की खरीदी की जाए, ताकि केंद्रों पर अनावश्यक भीड़ न हो और व्यवस्थाएं सुचारू बनी रहें। वीसी में सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं उपार्जन कार्य से जुड़े सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## मां नर्मदा में प्रदूषण रोकने हेतु नर्मदा घाटों पर निषेधाज्ञा लागू

### साबुन,प्लास्टिक, केमिकल युक्त वस्तुओं जैसी अन्य सामग्रियां रहेंगी प्रतिबंधित

नर्मदापुरम(निप्र)। नर्मदा नदी की स्वच्छता, धार्मिक महत्व एवं जन आस्था को ध्यान में रखते हुए सिटी मजिस्ट्रेट नगर नर्मदापुरम देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा आदेश जारी किए गए हैं। यह आदेश नर्मदा नदी के तट पर स्थित सेठानी घाट, कोरी घाट एवं पर्यटन घाट पर तत्काल प्रभाव से लागू होगा। जारी आदेश के अनुसार इन घाटों पर पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान उपयोग में लाई जाने वाली प्लास्टिक से निर्मित पूजन सामग्री, प्लास्टिक थैले, दीपक, कपड़े, पानी/तेल की बोतल एवं अन्य सामग्री को नर्मदा नदी में प्रवाहित करना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इस प्रकार की सामग्री से घाटों पर कचरा एकत्रित होता है, जिससे लोक स्वास्थ्य, जलीय पारिस्थितिकी तंत्र एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा नदी प्रदूषित होती है। इसके साथ ही आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सेठानी घाट, कोरी घाट एवं पर्यटन घाट पर पर्यटकों, स्थानीय निवासियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा स्नान के दौरान साबुन, शैम्पू, सोडा, तेल एवं अन्य केमिकल युक्त डिटर्जेंट का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे आदेश का पालन करते हुए नर्मदा नदी की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें तथा पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## कवि सम्मेलन और मुशायरा के बाद होगा कव्वाली का मुकाबला

सीहोर (निप्र)। हजरत दूल्हा बादशाह बाबा की दरगाह पर पहली बार तीन दिनों तक लंगर चलेगा। कवि सम्मेलन और मुशायरा के बाद रूहानी इबादती कव्वालियों का मुकाबला होगा। सर्वधर्म हिंदू मुस्लिम एकता उर्स कमेटी 5 से 7 मई तक 58 वा उर्स आयोजित करेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय और विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के संरक्षक शमशुल हसन बल्ली, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ रवि सोलंकी,भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय और समाजसेवी मुनव्वर कौसर हेंगे। हजरत दूल्हा बादशाह बाबा दरगाह कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान और उर्स कमेटी अध्यक्ष नौशाद खान ने संयुक्त रूप से बताया कि मंगलवार 5 मई की शाम 4 बजे भाजपा नेता मनोज शर्मा के मुख्य अतिथिय में कोतवाली चौराहे से बैंड बाजा के साथ चादर जुलूस शुरू किया जाएगा।

## भव्य कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

### श्रद्धा भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ शिवमय हुआ क्षेत्र



सीहोर(निप्र)। जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम महुआखेड़ी में सात दिवसीय विशाल एकादश कुण्डिय श्री रुद्र महायज्ञ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन ग्राम महुआखेड़ी तकीपुर में शनिवार को पूर्ण श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ आरंभ हो गया। पिछले कई दिनों से महायज्ञ और महोत्सव की तैयारियां से आसपास के दर्जनों गांवों को शिवमय बना दिया। अब लगातार आठ मई तक यहां पर नियमित रूप से शाम को भंडारे के अलावा रात्रि को रामलीला का प्रतिदिन आयोजन किया जाएगा। यज्ञ संचालक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे के मार्गदर्शन में सुबह 51 से अधिक जोड़ों के साथ हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने आस्था और उत्साह के साथ भगवान राम मंदिर से कलश यात्रा निकाली जो ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होते हुए शिव मंदिर पहुंची। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलश धारण कर भगवान के जयकारें लगाए। कलश यात्रा में समस्त ग्रामवासियों के अलावा भगवान सिंह परमार, देवनारायण परमार, दशरथ परमार, महेन्द्र परमार, विमल परमार आदि शामिल थे। रविवार को अग्नि स्थापना, देवताओं का आह्वान के अलावा नित्य पूजन, अभिषेक आदि दिव्य अनुष्ठान किए जाएंगे।वैदिक आचार्यों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई पूरा वातावरण हर-हर महादेव और जय भोले के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। शंखध्वनि और वैदिक ऋचाओं की अनुगूंज ने उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर भगवान शिव और उनके परिवार से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।महोत्सव के मुख्य यजमान परमार समाज चल समारोह के पूर्व अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार ने बताया कि सभी ग्रामीणजनों के सहयोग से पंडित श्री कटारे बाबा के मार्गदर्शन में एकजुटता के साथ ग्राम महुआखेड़ी में भव्य-दिव्य एकादश कुण्डिय श्री रुद्र महायज्ञ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन रात्रि को रामलीला के कलाकारों के द्वारा भगवान की लीलाओं का मंचन किया जाएगा। उन्होंने ग्राम सहित आस-पास के सभी क्षेत्रवासियों से महोत्सव में शामिल होने की अपील की।

## 30वां दिवस सीवन के महिला घाट, आंधी और तूफान के बीच शिवा योद्धाओं ने ऑपरेशन सीवन को दिया अंजाम

### गंदे स्थान पर सीवन ने उगले अनगिनत शिवलिंग, कुछ सबूत तो कुछ खंडित



सीहोर( निप्र)। सिवान योद्धाओं ने निकाल दिए कांटेदार टीलों को,समाजसेवी संजीव राय के द्वारा ट्रैक्टर की व्यवस्था की गई । पांचवा दिवस सीवन के महिला घाट पर जहां पर आज गजब का हौसला सीवन योद्धा सिवन पुत्रों में देखने को मिला, हवा आंधी, बरसात में भी डटे रहे सीवन योद्धा और कांटेदार टीलों को ट्रैक्टर एवं रस्सी के माध्यम से बाहर कर दिया सीवन की गोद से, पांचवें दिन सिवन का महिला घाट छावनी इतना सुंदर दिखाई देने लगा, उसका पानी इतना स्वच्छ हो गया कि उसमें सभी मंदिरों की छवि स्पष्ट दिखाई देने लगी,लेकिन पीड़ा तब हुई जब ब्रिज के उसेपर असंख्य में गंदे स्थान पर शिवलिंग कुछ सबूत तो कुछ खंडित अवस्था में पाए गए उन्हें देखकर हम कह सकते हैं कि यह सरासर सनातन धर्म का अपमान है कहीं ना कहीं हिंदू धर्म का मजाक है आखिरकार वे शिवलिंग जिनका हम अभिषेक करते हैं, जल चढ़ाते हैं, पूजा करते हैं,महादेव की आराधना करते हैं उन शिवलिंग को ऐसे गंदे स्थान पर कैसे कोई डालकर जा सकता है,और देखने में आया है कि लगातार लोग पुल के ऊपर से कचरा डालकर नदी में जा रहे हैं समझाइए देने के बाद भी डांट के बावजूद भी लोग मन नहीं रहे हैं ।आज समाजसेवी संजीव राय एवं राजेश राय की तरफ से ट्रैक्टर की व्यवस्था की गई उसे ट्रैक्टर के द्वारा ऑपरेशन सीवन चलाया गया ।ऑपरेशन सिवन का नेतृत्व राजकुमार सोनी भूरा भैया ने किया और उनके साथ जीवन योद्धाओं की टीम में श्यामलाल, कमल नाविक,राधेश्याम और सचिन नाविक साथ रहे । शाम 5ः00 बजे सिवान योद्धाओं का सम्मान रखा गया आज सिवन पुत्र के रूप में सुरेश भगत, अशोक नामदेव, रवि दूध प्रदीप साहू, कैलाश चौहान, मुकेश राय, वैभव राठौर, प्रकाश यादव, जगदीश वर्मा, संतोष मेवाड़ा आदि उपस्थित रहे ।

## बुद्ध पूर्णिमा पर निकाली धाम्म यात्रा एवं भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सीहोर( निप्र)। सीहोर में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर तथागत बुद्ध के बौद्ध अनुयाईयो द्वारा सुबह 7:00 बाबा साहब अंबेडकर पार्क सीहोर से धम्म यात्रा का आयोजन किया गया यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई डॉ बाबासाहेब अंबेडकर धर्मशाला सीहोर पहुंचकर धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी. एस बौद्ध राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय बौद्ध महासभा रहे एवं कार्यक्रम में भगवान बुद्ध के विचारों पर चलने एवं उनके शांति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया इस अवसर पर बच्चों के द्वारा मनमोहक रंगोलिया बनाई गई जिसमें प्रथम स्थान दर्शना एवं तासी की टीम का रहा एवं दूसरा स्थान जिया सिंह एवं अधीरा की टीम ने प्राप्त किया भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अवनी सिंह ने प्रथम स्थान एवं तासी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नीरज जाटव हरिओम नीरज दोहरे ,बौद्ध धनराज सिंह थरेले लाल सिंह कटारिया महेश सूर्यवंशी गेंदालाल कृष्णा सूर्यवंशी लक्ष्मी दोहरे, देवेंद्र दोहरे, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## वार्ड क्रमांक 13 में 8 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन, क्षेत्रवासियों को मिलेगी बड़ी राहत



सीहोर( निप्र) नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 में शनिवार को सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। लगभग 8 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह सड़क प्रवीण राठौर के घर से लेकर बबलू सेन के घर तक निर्मित की जाएगी। लंबे समय से इस मार्ग की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसके पूर्ण होने पर क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक विधि-विधान से पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए सड़क, पानी, स्वच्छता एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक 13 में यह सड़क निर्माण कार्य लंबे समय से लंबित था, जिसे अब प्राथमिकता के साथ शुरू किया गया है। सड़क बनने के बाद क्षेत्र में धूल-मिट्टी और जलभराव की समस्या से भी निजात मिलेगी, जिससे नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर होगा।उन्होंने आगे कहा कि नगर पालिका परिषद का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराना है, ताकि किसी भी क्षेत्र के नागरिक को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान न होना पड़े। आने वाले समय में भी शहर के विभिन्न वार्डों में ऐसे ही निर्माण कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रवासियों ने इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के लिए नगर पालिका अध्यक्ष एवं परिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सड़क के निर्माण से वार्ड की तस्वीर बदलेगी और दैनिक जीवन में काफी सहूलियत मिलेगी।भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद प्रतिनिधि अर्जुन राठौर, कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, तुलसीराम सेन काका, निलेश राठौर, संतु ओझा, गोविंद मीणा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## हीरापुर में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारम्भ



सीहोर( निप्र)। ग्राम हीरापुर में सप्तदिवसीय श्रीराम मंदिर व रूद्र भगवान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शनिवार से प्रारम्भ हो गया। आचार्य पंडित ओमप्रकाश शर्मा, कथा वाचक पंडित ब्रजेंद्र व्यास,यज्ञ आचार्य पंडित अनिल शर्मा व अन्य विप्रजनों, संतजनों की उपस्थिति में वेद मन्त्र उचचारित कर यज्ञ कर्म संपन्न कराये गए शिव परिवार पूजन, पंचाग पूजन आदि कराया गया। कार्यक्रम मे प्रतिदिन आचार्य पंडित ब्रजेंद्र व्यास के मुखारविंद से सगीतमय श्रीमद भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। ग्राम के मुख्य मार्ग ढ़ोल बाजे के साथ कलस यात्रा निकाली गई जिसका ग्रामीणजनों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग सीहोर ( म.प्र. )**

**दुल्हा बादशाह रोड सीहोर फोन नं. 07562-222701**

निविदा सूचना क्रमांक 02/2026-27 | दिनांक 27.04.2026

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | कार्य की अनुमानित राशि ( रू.लाख में ) | इलेक्ट्रिानिक ई.एम.डी. (RTGS/NEFT) एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑन लाईन ही प्रस्तुत किये जाये। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2026_PWDRB_503457_1 | सीहोर | सड़क मरम्मत कार्य | लो.नि.वि. उपसंभाग आष्टा के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर बी.टी. एवं डब्ल्यू.एम.एम. पेच रिपेयर कार्य (जोनल कार्य) | प्रथम कॉल | 19.99 | केवल ऑन लाईन |
| 2. | 2026_PWDRB_503458_1 | सीहोर | सड़क मरम्मत कार्य | लो.नि.वि. उपसंभाग आष्टा के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर पुल/पुलियाओं के मरम्मत कार्य (जोनल कार्य) | प्रथम कॉल | 19.99 | केवल ऑन लाईन |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय (Document Download/Sale End Date) करने की अंतिम तिथि 13.05.2026 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी/12309/25

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि.सं. सीहोर म0प्र0
07562-222701

**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com